

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 4 मई 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-036 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### जहाज से पकड़े गए 17 भारतीयों को ईरान ने किया रिहा

**नई दिल्ली,4 मई.** हाल ही में ईरान ने पुर्तगाली झंडे वाले मालवाहक जहाज एमएससी एरीज को पकड़ा था। इस जहाज के चालक दल में 17 भारतीयों सहित कुल 25 लोग सवार थे। भारतीय चालक दल के सदस्यों में शामिल एकमात्र महिला कैडेट एन टेसा जोसेफ को ईरान की सेना ने पहले ही रिहा कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन ने शुक्रवार को एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गस त्साहकना के साथ पर फोन पर बातचीत की और इसी दौरान उन्होंने चालक दल की रिहाई की जानकारी दी। ईरान के इस्लामी गणराज्य के क्षेत्रीय जल क्षेत्र में जब्त किए गए पुर्तगाली जहाज के बारे में अमीरअब्दोल्लाहियान ने बातचीत में कहा कि जहाज ने हमारे जल क्षेत्र में अपना रडार बंद कर सुरक्षा को खतरे में डाला था। इसलिए उन्हें न्यायिक नियमों के तहत हिरासत में लिया गया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने सलाह दी है कि भारत के लोग अगर इजरायल और ईरान की यात्रा करते हैं तो सावधानी जरूर बरतें और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें।

### खड़े ट्रेलर से टकराई बस, 15 यात्री घायल

**बिलासपुर,4 मई.** तेज रफ्तार बस ने नेशनल हाईवे के किनारे खड़ी ट्रेलर को टक्कर मारी. इस भीषण हादसे में 15 यात्री घायल हुए हैं. 7 की हालत गंभीर है. हादसे की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह घटना रतनपुर थाना क्षेत्र में हुई है. मिली जानकारी के मुताबिक, रॉयल बस अंबिकापुर से रायपुर जा रही थी. बस में करीब 30 यात्री सवार थे. रतनपुर के बीएलटी कॉलेज के पास हाइवे के किनारे खड़ी ट्रेलर से बस जा टकराई. रतनपुर पुलिस घटना की जांच में जुटी है.

### महादेव एप में गिरफ्तारियां

**रायपुर,4 मई.**महादेव एप मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को पुणे व मुंबई से गिरफ्तार किया है.इन्हें मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया. बताया जाता है कि इनसे पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियों का खुलासा होगा।

### तालाब में मिली लाश

**रायपुर,4 मई.** श्मशान घाट के पास स्थित तेलीबांधा तालाब में आज एक अज्ञात युवक की लाश मिली है. पुलिस ने लाश बरामद कर लिया है. शव की पहचान नहीं हो पाई है.

### कठिया हादसे में केंद्र से मुआवजे का ऐलान

**रायपुर,4 मई.**बेमेतरा के पास पिछले दिनों कठिया हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई थी तथा 21 घायल हो गये थे. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजे का ऐलान किया गया.

### कार खाई में गिरी पांच लोगों की मौत

**देहरादून ,4 मई ।** मसूरी-देहरादून मार्ग पर चूनाखाल के पास शनिवार सुबह एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में चार युवकों समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल बताई जा रही है। वाहन में कुल छह लोग सवार थे। शहर कोतवाल अरविंद चौधरी ने बताया कि हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई।

## मतदान प्रतिशत के आंकड़े समय पर जारी करें अफसर : आयोग




**नई दिल्ली,4 मई.**चुनाव आयोग ने कहा कि वह मतदान के प्रत्येक चरण के बाद मतदान प्रतिशत के आंकड़ों को समय पर जारी करने को उचित महत्व देता है. प्रत्येक चरण के मतदान के बाद अधिकारी मतदान % के आंकड़े समय पर जारी करने को उचित महत्व दें. आयोग का यह बयान इस मुद्दे पर चुनाव प्राधिकरण द्वारा देरी और विसंगतियों के विपक्ष के आरोपों के बीच आया है. टीएमसी , वामपंथी और कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने दावा किया है कि जानबूझकर चुनाव आयोग मतदान के आंकड़े साझा नहीं कर रहा है और 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के कुछ दिनों बाद साझा किए गए आंकड़ों में विसंगतियां थीं. चुनाव आयोग के काम में प्रकटीकरण और पारदर्शिता मानक प्रथाएं हैं. वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार, प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता मतदान को फॉर्म 17सी में पूर्ण संख्या में दर्ज किया जाना है. पारदर्शिता के एक मजबूत उपाय के रूप में चुनाव अधिकारी और सभी उपस्थित मतदान एजेंट द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित फार्म 17 सी की प्रतियां सभी उपस्थित मतदान एजेंट के साथ साझा की जाती हैं. आयोग ने कहा कि जहां तक कि डाले गए मतों की वास्तविक संख्या का बूथ-वार आंकड़ा भी उम्मीदवारों के पास उपलब्ध रहता है. पहले चरण में 66.14 % मतदान हुआ है जबकि दूसरे चरण में 66.71 % मतदान हुआ है. यह 2019 के लोकसभा चुनाव मुकाबले थोड़ा कम है. आयोग के मुताबिक उसने अपना सारा ध्यान मतदाताओं के मतदान त्न को बढ़ाने पर केंद्रित किया हुआ है. दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया में कुछ महानगरों में मतदान % के स्तर से निराश है, जो कि भारत के उच्च तकनीक वाले शहरों में अत्यधिक उदासीनता का सूचक है. अगले फेज से पहले आयोग संबंधित नगरों के प्रशासन के साथ लगातार संपर्क बनाए रखेगा. मौसम विभाग के मुताबिक, 7 मई को होने वाले आम चुनावों के तीसरे चरण के लिए गर्मी कोई बड़ी चिंता नहीं है.

## पाकिस्तान आतंकी हमले करता रहा, कांग्रेस सरकार लव लेटर भेजती रही : नरेन्द्र मोदी

**रांची,4 मई.** झारखंड के पलामू में जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब पाकिस्तान भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचता था और कांग्रेस सरकार उन्हें लव लेटर भेजती थी और अमन की आस लगाती थी। उन्होंने कहा, वो जितने ज्यादा लव लेटर भेजते थे उतने ही आतंकी पाकिस्तान से भारत में आते थे। लेकिन फिर जनता के एक वोट ने सब बदल दिया। पीएम मोदी ने कहा, एक ऐसा वक्त था जब दुनियाभर में कमजोर कांग्रेस सरकारी की बात होती थी, आज वो स्थिति पाकिस्तान की है। आज पाकिस्तान दूनिया भर में रो रहा है और बचाओ बचाओ चिल्ला रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार में बम धमाके होते थे, आतंकवादी गोलियां चलाते थे और सरकार उन्हें प्रेम पत्र भेजती थी। उनके पास अमन की आस थी। कांग्रेस जितने लव लेटर भेजती थी पाकिस्तान उससे ज्यादा आतंकी भेजता था। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आपके एक वोट ने मुझे इतनी ताकत दी कि मैंने आते ही कहा बहुत हो गया। ये नया भारत है, घर में घुस के मारता है। सर्जिकल और बालाकोट स्ट्राइक के तमाचे से पाकिस्तान हिल गया था। उन्होंने कहा, एक समय



था जब किसी आतंकी हमले के बाद कमजोर कांग्रेस सरकार की पूरी दुनिया में दुहाई दी जाती थी। अब पाकिस्तान पूरी दुनिया में रो रहा है और चिल्ला रहा है बचाओ, बचाओ। पाकिस्तान में नेता दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस के शहजादा पीएम बनें। लेकिन सशक्त भारत अब केवल एक मजबूत सरकार चाहता है। इस दौरान पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर भी हमला बोला और कहा कि वह मोदी आंसुओं में खुशी ढूंढते हैं। उनहोंने कहा, मैं तो गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। इसलिए, 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा, मेरे जीवन के अनुभव ही हैं। जब आज लाभार्थियों से मिलता हूं, तो खुशी के मारे आंसू आ ही जाते हैं। ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो, जिसने कष्ट में जीवन गुजारा हो। कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। ये निराश-हताश लोग अब कुंठित हो गए हैं। एक कहावत है - जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई !कांगेस के शहजादे की हालत वही है। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने एक और खतरनाक बात कही है। ये लोग अब एसी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण छीन लेना चाहते हैं। जब हमारा संविधान बन रहा था, तभी संविधान निर्माताओं ने मिलकर तय किया था कि भारत में कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा।

## अवैध खनन:जेसीबी सहित 9 हाइवा जब्त

**दुर्ग,4 मई.** खनिज विभाग की टीम ने सप्ताह भर में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के मामले में नौ प्रकरण दर्ज किए हैं. इन मामलों में खनिज उत्खनन कर रहे एक



जेसीबी सहित परिवहन में लगे 9 हाइवा जब्त किया गया है. मामले खनिज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लगभग 3 लाख रुपए जुर्माना प्रस्तावित किया गया है. जानकारी के अनुसार, विभाग की टीम लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर जांच की जा रही है. टीम ने ग्राम थनौद में दबिश देकर जांच की तो अवैध रूप से खनिज उत्खनन करते एक जेसीबी पकड़ाया. वहीं मौके से खनिज परिवहन कर रहे एक हाइवा भी जब्त किया गया. इसी प्रकार जिले भर में अलग-अलग क्षेत्रों दबिश देखकर अवैध खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की भी जांच की गई. जांच के दौरान कुम्हारी, उतई, मचांदूर एवं अंजोरा थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बिना रायल्टी पर्ची के 8 हाइवा में अवैध खनिज परिहवन करना पाया गया. इनमें 4 वाहनों में मुरूम, 2 रेत एवं 1-1 वाहन में चूना पत्थर एवं मिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था. इन वाहनों को खनिज सहित जप्त कर संबंधित थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में खड़े किए गए हैं. विगत माह में भर में विभाग ने अवैध खनिज परिवहन के मामले में कुल 9 वाहन जब्त किए हैं, जिनके जरिए रेत, मुरूम, चूना पत्थर और मिट्टी का अवैध परिवहन किया जा रहा था. इन मामलों में संबंधितों पर खनिज एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए लगभग 5 लाख रुपए जुर्माना के रूप में वसूल किए हैं.

## पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता का चुनाव लड़ने से इंकार

**भुवनेश्वर,4 मई.** कांग्रेस की एक और प्रत्याशी ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। दरअसल ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया है। इससे पहले इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी ने भी नामांकन के बाद अपना नाम वापस ले लिया था। वहीं सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया था।



सुचारिता मोहंती ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी का टिकट लौटा दिया और दावा किया कि उन्हें पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए कोई पैसा नहीं दिया गया है। सुचारिता मोहंती ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को ईमेल भेजा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि वह सांसद का टिकट लौटा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुचारिता मोहंती ने लिखा कि पुरी लोकसभा सीट पर हमारा चुनाव प्रचार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है क्योंकि पार्टी ने मुझे चुनाव के लिए फंडिंग देने से इनकार कर दिया। ओडिशा कांग्रेस के प्रभारी डॉ अजॉय कुमार ने मुझे खुद ही चुनाव प्रचार का खर्चा उठाने को कहा। सुचारिता मोहंती ने लिखा कि वह एक नौकरीपेशा पत्रकार रहीं, जो 10 साल पहले ही राजनीति में सक्रिय हुईं। मैंने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी और चुनाव प्रचार के लिए लोगों से भी दान लेने की कोशिश की, लेकिन उसमें भी सफलता नहीं मिली। मैंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से भी अपील की कि वह पार्टी फंड से जरूरी फंडिंग करें ताकि पुरी लोकसभा सीट पर प्रभावशाली प्रचार किया जा सके। मोहंती ने लिखा कि सिर्फ फंड की कमी ही हमें पुरी लोकसभा सीट जीतने से रोक सकती है क्योंकि मैं अपने दम पर चुनाव प्रचार जारी रखने में सक्षम नहीं हूं।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**बीजापुर,4 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवक को रौंदा, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. वहीं दो युवक घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा. यह घटना बीजापुर के महादेव घाट मोड़ पर हुई. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है. दरअसल शुक्रवार की देर शाम ग्राम अव्वापल्ली से बीजापुर की ओर आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी क्रंमाक सीजी-20 के 5402 ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी. इसके चलते बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद स्कॉर्पियो के चालक मौके से फरार हो गया. मृत युवक का नाम डेविड चन्द्रगिरी बताया जा रहा है, जो तोयनार पंचायत के ग्राम मोरमेड का निवासी था. बीजापुर थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद हमारी टीम घटना स्थल पहुंचकर शव को पीएम के लिए जिला हॉस्पिटल भेज दिया है. घायलों का ईलाज जारी है.




## दुनिया के सबसे बड़े चुनाव को देखने भारत पहुंचे 23 देशों के आगंतुक

**नई दिल्ली,4 मई.** भारत के चुनाव आयोग ने दुनिया के सबसे बड़े चुनावों को देखने के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) से 75 अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को आमंत्रित किया है। चुनाव आयोग ने कहा कि यह अभ्यास भागीदारी के पैमाने और परिमाण के मामले में पहला है। आमंत्रित प्रतिनिधि 23 देशों - भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, जॉर्जिया के विभिन्न ईएमबी और संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। , चिली, उज़्बेकिस्तान, मालदीव, पापुआ न्यू गिनी और नामीबिया। इन 23 देशों के साथ-साथ इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के सदस्य और भूटान और इज़राइल की मीडिया टीमें भी भाग लेंगी। भारत के चुनावी निकाय ने कहा कि यह उच्चतम मानकों के आम चुनाव आयोजित करने की अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण देता है, जो ईएमबी के लिए लोकतांत्रिक उत्कृष्टता को प्रत्यक्ष रूप से देखने के लिए एक सुनहरा पुल प्रदान करता है। ईसीआई ने एक बयान में कहा, भारत का चुनाव आयोग मौजूदा लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम का आयोजन करके अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जारी रख रहा है।ईसीआई ने कहा कि यह कार्यक्रम, जो 4 मई से शुरू हो रहा है, विदेशी ईएमबी को भारत की चुनावी प्रणाली की बारीकियों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित कराना है। 5 मई को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद, प्रतिनिधि छह राज्यों - महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक.

## अजय चंद्राकर के बयानों को कोई गंभीरता से नहीं लेता : बैज

**रायपुर,4 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के स्क्रिप्टेड नेता कहे जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि अजय चंद्राकर के बयानों को कोई गंभीरता से नहीं लेता. भाजपा के बयानों से देश में किसी को फायदा नहीं दिख रहा है. तीसरे चरण को संपन्न होने दीजिए. प्रधानमंत्री अपनी सभा में घड़ियाली आंसू बहाना शुरू कर देंगे, क्योंकि भाजपा के पास यही बचा है.

राष्ट्रीय नेतृत्व के छत्तीसगढ़ दौरे के प्रभाव पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के पास पूरे देश में कोई मुद्दा नहीं है. तमाम मंत्रियों के पास कोई मुद्दा नहीं है. जनता के बीच भाजपा कुछ नहीं बोल पाई है. 4 माह की भाजपा सरकार ने जनता को बर्बाद कर दिया. केवल जनता के बीच कांग्रेस की बुराई नजर आई है. कांग्रेस देश के मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही है. यह जनता को दिख रहा है. आरक्षण के मुद्दे पर दीपक बैज ने कहा कि भाजपा आरक्षण की



पक्षधर नहीं है. लगातार भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं का संविधान बदलने का बयान सामने आया है. अगर आरक्षण के पक्षधर है, तो राजभवन में आरक्षण का बिल लंबित है, उसे क्यों पारित नहीं कर रहे हैं. पारित कर देना चाहिए, अगर आरक्षण के हितैषी है. कांग्रेस आरक्षण का शुरू से पक्षधर रही है.

कांग्रेस की न्याय गारंटी के फॉर्म भरने पर दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस को इसका फायदा मिल रहा है, इसलिए घर से निकलकर लोग वोट कर रहे हैं. महिलाएं लगातार फॉर्म भर रही है. वार रूम से बैठकर भी फीड बैक ले रहे हैं. जिला और ब्लॉक स्तर पर भी लगातार फीडबैक लिया जा रहा है. राधिका खेड़ा मामले पर दीपक बैज ने बताया कि एआईसीसी को रिपोर्ट सौंपी है. उन्होंने बताया कि एआईसीसी ने रिपोर्ट मांगी थी, इसलिए सभी से वन टू वन चर्चा कर रिपोर्ट सौंप दी है. अब एआईसीसी को फैसला करना है. वहीं मंत्री केदार कश्यप के न्याय दिलाने वाले बयान पर दीपक बैज ने कहा कि भाजपा पहले मणिपुर को न्याय दिलाए, कर्नाटक में जाकर पहले न्याय दिलाए. भाजपा अपने गिरेबान में झांके. यह हमारे घर का मामला है, इसे हम सुलझाएंगे.

## प्रियंका को हाशिए पर धकेल रहे हैं राहुल गांधी : मालवीय

**नई दिल्ली,4 मई.** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके कैंप ने उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और बहनोई रॉबर्ट वड्रा को हाशिये पर ढकेल दिया है।

भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी कैंप ने यूपी में लोकप्रियता का दावा करने के बाद भी रॉबर्ट वाड्रा को अमेठी सीट के लिए नजरअंदाज कर दिया। अमित मालवीय ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा जल्द ही कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर सकती हैं। मालवीय ने सुबह-सुबह एक्स पर लिखा, रॉबर्ट वाड्रा के लिए एक मिनट का समय दीजिए, जिन्हें अमेठी में अपार लोकप्रियता का दावा करने के बावजूद इस सीट के लिए नजरअंदाज कर दिया। यह स्पष्ट है कि राहुल गांधी



खेमा कांग्रेस में प्रियंका वाड्रा और उनके पति दोनों को व्यवस्थित रूप से हाशिए पर डाल रहा है।पिछले महीने रॉबर्ट वाड्रा ने दावा किया था कि वह अमेठी में लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा कि देश चाहता है कि वह सक्रिय राजनीति में रहें। समाचार एजेंसी एएनआई ने वाड्रा के हवाले से कहा था, ÷जहां तक सक्रिय राजनीति में मेरी भूमिका का सवाल है, जब मैंने लोगों के लिए काम किया है तो उन्होंने मुझे हमेशा मजबूत किया है। देश चाहता है कि मैं सक्रिय राजनीति में रहूं। अगर कांग्रेस पार्टी को लगता है कि मैं बदलाव ला सकता हूं, तो मैं करूंगा। लोग चाहते हैं कि मैं सक्रिय राजनीति में आऊं। यह जरूरी नहीं है कि मैं अमेठी से चुनाव लड़ूंगा, मैं मुरादाबाद और हरियाणा से भी चुनाव लड़ सकता हूं।÷ रॉबर्ट वाड्रा की टिप्पणी से अटकलें शुरू हो गई थीं कि वह कांग्रेस पार्टी के गढ़ रहे अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। सोनिया गांधी के सीट छोड़ने के बाद अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ेंगी। राहुल गांधी ने लोकसभा में तीन बार अमेठी का प्रतिनिधित्व किया।

## शिवालय तोड़ने के असली आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग, हाईवे जाम

**राजिम,4 मई.** शिवालय तोड़ने वाले असली गुनहगारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हिंदू संगठन ने राजिम में नेशनल हाईवे जाम किया. जिले के विश्व हिंदू



परिषद व बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज राजिम के पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक पर एकत्रित होकर नेशनल हाईवे 130 सी को जाम कर दिया है. आक्रोशित संगठन लगातार नारेबाजी कर रहे हैं. जाम के चलते दोनों छोर में वाहनों की लंबी कतारें लग गई है. दरअसल राजिम थाना क्षेत्र के दुतकैया ग्राम में स्थित शिवालय को 30 अप्रेल की रात कुछ असमाजिक तत्वों ने न केवल खंडित किया था बल्कि उस पर शराब भी उड़ेला गया था. मामले की जानकारी 1 मई की सुबह पता लगते ही ग्रामीण बोधन साहू ने मामले की शिकायत राजिम थाने में की. राजिम पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने अगले दिन अहमद खान नाम के आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, जिसमें आरोपी ने एक नाबालिग व अन्य समेत 3 लोग मिलकर घटना को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की. पुलिस ने एक आरोपी को 3 मई को जेल दाखिल करा दिया. एक नाबालिग समेत सफी खान नाम का आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर था. सूचना है कि इन्हें भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इधर हिंदू संगठन के पदाधिकारी शिशुपाल सिंह राजपूत, गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि घटना के असली गुनहगारों को नहीं पकड़ा गया है, बल्की जो आदतन आरोपी था, जिसे अन्य वारदात में गिरफ्तारी किया ही जाना था, उसकी गिरफ्तारी कर खानापूर्ति की गई. मामले में अभी पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है.

एक नजर

## बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग ने मनाया प्रबंधन दिवस



**भिलाई, 4 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग ने भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान (आईआईएमएम) - भिलाई शाखा के साथ मिलकर विगत दिनों बीएसपी में सामग्री प्रबंधन दिवस मनाया। यह आयोजन इस्पात भवन के कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सभागार में किया गया। आईआईएमएम के स्थापना दिवस एवं सामग्री प्रबंधन दिवस के अवसर पर, आईएमएम-भिलाई शाखा द्वारा साइबर सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता संयंत्र के कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती द्वारा की गई। सत्र का औपचारिक उद्घाटन, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार सहित आईआईएमएम सदस्य और सामग्री प्रबंधन विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। आईआईएमएम भिलाई शाखा के अध्यक्ष महेंद्र कुमार कुलकर्णी ने उपस्थित जनों के साथ आईआईएमएम शाखा के विकास, गतिविधियों और संगठन के महत्व को साझा किया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक हेमप्रकाश नायक अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती ने सामग्री केंद्रित मुख्य आपूर्ति श्रृंखला कर्ता के रूप में सामग्री प्रबंधन प्रणाली के महत्व पर चर्चा की और आपूर्ति श्रृंखला योजना और आपूर्ति श्रृंखला निष्पादन क्षमताओं पर अपने विचार साझा किये। साइबर सुरक्षा कार्यशाला के मुख्य वक्ता हेमप्रकाश नायक ने, दैनिक जीवन में साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक, विशेष रूप से अज्ञात आकर्षक ऑनलाइन से संबंधित सुरक्षा के लिए कई निवारक पहलुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। सत्र के दौरान उपस्थित लोगों ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ से प्रश्न पूछे, अपने अनुभव साझा किए और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ द्वारा इनके शंकाओं का समाधान किया गया। संचालन महासचिव सुकांत कुमार प्रधान द्वारा किया गया। कार्यशाला का औपचारिक समापन, आईआईएमएम भिलाई शाखा के कोषाध्यक्ष भूपेश चंदेल द्वारा धन्यवाद देने के साथ हुआ।

## शराब कोचियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी

**दुर्ग 4 मई ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के क्रम में विगत 01 मई 2024 को रात्रि गश्त के दौरान वृत-धमधा के अन्तर्गत भिलाई नंदिनी सेमरिया मार्ग पर में अवैध शराब के विक्रय, धारण, परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी झलवा कोसरे के कब्जे से कुल 54 नग शोले देशी मसाला पाव, कुल मात्रा 9.720 बल्क लीटर, जिसका कुल बाजार मूल्य 5940रू. है। एक दोपहिया वाहन हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 07 बीएक्स 3801 जिसकी कीमत 30000 है, को जप्त कर प्रकरण कायम किया गया।

उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उपनिरीक्षक श्री अरविन्द साहू द्वारा विवेचना में लिया गया है। इस प्रकरण मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री पंकज कुजूर, मुख्य आरक्षक श्री फागुराम टंडन, श्री त्रिलोक नाथ इन्दोरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं की जाए सुनिश्चित कलेक्टर

**दुर्ग 5 मई ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मतदान केन्द्रों की स्थिति, रूट चार्ट, पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों हेतु पोस्टल बैलेट जारी करने, वेब कास्टिंग सहित निर्वाचन गतिविधियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए 07 मई मतदान दिवस के दिन अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को बूथ का निरीक्षण करने को कहा है। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मतदान दिवस के पूर्व दुरूस्त कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के तहत प्याऊ घर बनाने और मटके में ठंडे पानी, गिलास, मग आदि के साथ ही बैठने की व्यवस्था, छाया की व्यवस्था, बैंच, आवश्यकतानुसार कूलर-पंखे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत जनसामान्य को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और छाया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी सेक्टर अधिकारियों को समन्वित तरीके से कार्य करने कहा है।कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखे। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था रखी जाए। विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है तथा जहां लम्बी लाईने लगी है, वहां रिजर्व टीम का उपयोग करें। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। सभी सेक्टर अधिकारी व सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर इस बात का विशेष ध्यान रखे कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव तैयारियां पूर्ण करने एवं सभी वैधानिक प्रावधानों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के सुरक्षित आवागमन, रुकने और यात्रा की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने ईवीएम मशीनों के परिवहन हेतु जीपीएस ट्रैकिंग युक्त वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

# दुर्ग लोकसभा में फिर खिलेगा कमल :प्रेमप्रकाश पांडेय

■ टाउनशिप में निकली जनसम्पर्क आशीर्वाद यात्रा



**भिलाई, 4 मई ।** भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व मंडल पश्चिम मंडल खुर्सीपार मंडल में जनसंपर्क आशीर्वाद यात्रा की गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय एवं बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग इस यात्रा में शामिल हुए। बाइक, कार से रैली निकाली गई। रैली करीब 2 किलोमीटर लंबी थी। गणेश मंदिर सेक्टर 5 में पूजा अर्चना करके की गई। हजारों समर्थको के साथ सुबह सांसद विजय बघेल गणेश मंदिर पहुंचे जहां पूजा अर्चना करके गणेश जी का आशीर्वाद लेकर यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद यात्रा सेक्टर 5 होते हुए कई सेक्टर 4 सहित पूरे टाउन शिप के विभिन्न गलियों से होते हुए सेक्टर 5 भिलाई से यात्रा प्रारम्भ ए मार्केट होते हुए एन पी ए रोड सेक्टर 5 से सेक्टर 4 डब्ल्यू एम आर सड़क 27 एवं 28के सामने सेक्टर हुए फयर ब्रिगेड सेक्टर बी एस एन एल चौक सेक्टर 1 से स्टेडियम के सामने से होते हुए स्टेडियम के सामने सेक्टर 1एवन्यू मिलन चौक हुडको श्री राम चौक हास्पिटल सेक्टर नर्सिंग कॉलेज सेक्टर 9 मार्केट न्यू सिविक सेंल परिसर चौक सेन्ट्रल एवेन्यू से 7 एम एल चौक से ए मार्केट सेक्टर 6 अनिल बुक डिपो के सामने हनुमान मंदिर से यात्रा सेक्टर 6 काली बाड़ी पहुंची। जहां दोपहर में भोजन के बाद विश्राम किए। इसके बाद फिर से यात्रा की शुरुआत खुर्सीपार क्षेत्र में कई गई। दोपहर बाद खुर्सीपार छावनी क्षेत्र के विभिन्न में जनसम्पर्क आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जगह-जगह पर सेक्टर के लोगों ने माताओं और बहनों ने सांसद विजय बघेल का स्वागत किया। फूल माला पहनाई, आरती उतारे और विजय तिलक लगाएं। इस दौरान बड़े बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। युवाओं की पूरी फ़ौज यात्रा में शामिल हुए। ऐसा लग रहा था जैसे यह विजय जुलूस हो। चुनाव जीतने के बाद जनता का आभार जताने के लिए यात्रा निकाली गई। लोगों ने भाजपा को लेकर काफी उत्साह और उमंग देखने को मिला। सभी ने नारे लगाए इस बार 400 पार, एक बार फिर मोदी सरकार। हजारों की संख्या में लोगों ने सांसद विजय बघेल को जिताने खुल कर अपना समर्थन दिया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय एवं प्रत्याशी विजय बघेल के साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, रिकू साहू सहित भाजपा के सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## मतदान जागरूकता के लिए भिलाई-चरौदा में निकाली गई रैली




भिलाई-चरोदा, 4 मई। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में कार्यरत महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने एक अनूठा प्रयास कर वोटर्स को जागरूक करने का कार्य किया है। रात्रिकालीन फलैस लाईट रैली के माध्यम से नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए प्रेरक नारों के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश शहरवासियों को दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन विभाग एवं निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत के निर्देशानुसार नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे मताधिकार के महत्व को लोगों तक पहुंचाया जा सके। घर-घर तक लोगों को अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित करने अभियान चलाया जा रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान करना हम सभी का अधिकार है। सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कार्यक्रम इसी उद्देश्य से आगामी दिनांक 07-05-2024 तक जारी रहेगा। निगम प्रशासन द्वारा शहर के प्रत्येक नागरिक से अवश्य मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपील की जा रही है। दिनांक 07-05-2024 को समय सुबह 07 बजे से लेकर शाम 06 बजे तक सभी मतदान केंद्रों में मतदान संपन्न होगें।

### कलेक्टर की अपील स्वयं करें मतदान व परिवार पड़ोसियों को भी करें प्रेरित

**दुर्ग, 4 मई ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 7 मई को अधिक से अधिक मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला आज भी जारी रहा। निगम द्वारा कालोनीवार मतदाता जागरूकता अभियान किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर सुश्री चौधरी ने आगामी 7 मई को लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान में सभी नागरिकों से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने जिला एवं शहर के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि खुद मतदान करें और परिवार एवं पास पड़ोस के नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में अधिकारियों ने आज वार्ड 55 पुलगांव स्थित ऋषभ सिटी कालोनी व वार्ड 54 ऋषभ सिटी पोटिया चौक में नगर निगम ने कालोनी के घरों में जाकर मतदान के प्रति जागरूक किया।

## मनु उद्यान में देवपुष्प ब्रह्म कमल खिलने से हर्ष का माहौल

**भिलाई, 4 मई।** हिमालयी क्षेत्रों में दिखने वाली पुष्प प्रजातियों में अत्यंत दुर्लभ पुष्प ब्रह्मकमल यहाँ प्रख्यात समाजसेवी, चिंतक एवं साहित्यकार आई एस मनु के मरोदा सेक्टर स्थित निवास स्थान की खूबसूरत फुलवारी में खिलने की प्रक्रिया में है। अपने बगीचे में पुष्पित हो रहे ब्रह्म कमल को देखकर मनु परिवार, आसपास हर्ष का माहौल है। आईएस मनु के साथ ही उनकी धर्मपत्नी श्रीमती वत्सला मनु अनेक पेड़-पौधों एवं फूलों से आच्छादित अपने घरेलू उद्यान में अन्य फूलों के साथ ही ब्रह्मकमल के सुरक्षा एवं संरक्षण पर पूरा ध्यान रखती हैं। कहा जाता है कि ब्रह्म कमल साल में एक बार ही खिलता है और इसके दर्शन रात को ही होते हैं।

पौराणिक मान्यता है कि जो भी व्यक्ति ब्रह्म कमल के फूल को खिलते हुए देख लेता है, उसके सुख-सौभाग्य में वृद्धि होती है और जिस घर में ब्रह्म कमल का फूल खिलता है वहां मां लक्ष्मी हमेशा निवास करती हैं। ब्रह्म कमल को देव पुष्प भी कहा जाता है। इस पुष्प के बारे में बताते हैं कि सौभाग्यशाली होते हैं वे लोग जिनके यहाँ यह पुष्प खिलता है क्योंकि यह सफ़ेद फूल भगवान शिव को अत्यन प्रिय है। उन्हें अर्पित करने पर इसका फल तुरंत मिलता है और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इस पुष्प का वर्णन वेदों में भी मिलता है। महाभारत के वनपर्व में इसे सौगंधिक पुष्प कहा गया है। जिस समय यह पुष्प खिलता है उस समय का वातावरण सुगंधित हो जाता है। उल्लेखनीय है कि मनु-उद्यान में पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए दाना-पानी की भरपूर व्यवस्था रहती है।

## जहां मतदान प्रतिशत कम वहां जागरूक करने घर-घर दस्तक



रिसाली। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हा। खासकर टाउनशिप में कर्मचारी घर घर दस्तक दे रहे है। रिसाली निगम के कर्मचारी अपील पर्चा बांटकर मतदान करने प्रेरित कर रहे हैं। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा रोज सुबह कर्मचारियों के साथ पैदल मार्च कर रही हैं। उनके साथ कर्मचारी घर घर पहुंच रहे है। साथ रखे अपील पर्चे को मतदाताओं के हाथों में देकर 7 मई को अवश्य मतदान करने की अपील कर रहे है। इस कार्य में 150 कर्मचारियों की टोली लगी हुई है। निगम आयुक्त ने बताया कि आम तौर पर देखा गया है कि टाउनशिप में मतदान प्रतिशत कम ही रहता है। यही वजह है कि जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर वे मरोदा सेक्टर के दोनो वार्ड, रिसाली सेक्टर के चार और रूआबांधा के दोनो वार्ड में अपील पर्चा छपवाकर घर घर पहुंचा रही हैं। घर घर दस्तक देने आयुक्त ने ड्रेस कोड निर्धारित किया है। महिला व पुरुष कर्मचारी सफेद टी शर्ट पहनकर भ्रमण कर रहे है। भ्रमण कार्यक्रम सुबह 3 घंटा का है। पिछले दो दिनों में कर्मचारी 5000 अपील पर्चा बांट चुके है।

### मरोदा में निकली रैली

कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को रैली से हुई। जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अल सुबह आत्मानंद गार्डन के निकट पहुंचे। यहाँ से रैली की शक्ल में वे प्रत्येक स्ट्रीट का भ्रमण किया। इस दौरान कर्मचारियों ने मतदान कराने नारे भी लगाए।

## मतदाता जागरूकता हेतु जिला प्रशासन बनाम बीएसपी मैत्रीपूर्ण मैच का आयोजन



भिलाई, 4 मई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग तथा कार्मिक विभाग के सहयोग से, दुर्ग जिला प्रशासन, नगर निगम, दुर्ग ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 02 मई को सेक्टर -1 स्थित पंत स्टेडियम में मैत्रीपूर्ण फ्लड लाइट वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया। मतदाता जागरूकता हेतु, दुर्ग जिला प्रशासन और भिलाई इस्पात संयंत्र के पुरुष और महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने यह मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच खेला। मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से खेले गए इस मैत्रीपूर्ण मैच में दुर्ग जिला प्रशासन वॉलीबॉल टीम ने जीत हासिल की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में, आईएएस-सामान्य पर्यवेक्षक (लोकसभा चुनाव-2024, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र) श्रीकेत लाठकर, आईएएस (जिला कलेक्टर -दुर्ग) सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, आयुक्त नगर निगम देवेश कुमार ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत अश्वनी देवांगन, जोन कमिश्नर अमिताभ शर्मा, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक आर के श्रीवास्तव और मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर शामिल थे। इस अवसर पर, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर, महाप्रबंधक सुश्री शीजा पी मैथ्यू, महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर, महाप्रबंधक एच शेखर, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशांत तिवारी, ओए के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, उप महाप्रबंधक विकास चंद्रा, उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक और उप महाप्रबंधक एस जाखड़, वरिष्ठ प्रबंधक रोहित हरित, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक और उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, संयंत्र व जिला प्रशासन के विभिन्न कर्मचारीगण, खिलाड़ी, छात्र और बड़ी संख्या में भिलाई टाउनशिप के नागरिक उपस्थित थे। जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि हमने अपने संयंत्र और टाउनशिप में प्रत्येक व्यक्ति को 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में अपना बहुमूल्य वोट डालने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य रखा है। जिला कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2024 के भारतीय आम चुनाव का तीसरा चरण 7 मई को होना है और 50,000 से अधिक मतदाताओं वाला भिलाई इस्पात संयंत्र का टाउनशिप दुर्ग लोकसभा क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

हमने भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ मिलकर, इस मैत्रीपूर्ण मैच और अन्य मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया है। ताकि भिलाई टाउनशिप का प्रत्येक व्यक्ति न केवल स्वयं मतदान करे, बल्कि अपने सहयोगियों, दोस्तों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों और अपने आसपास के सभी व्यक्तियों को प्रोत्साहित भी करे। श्रीकेत लाठकर और सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोगों को मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित खिलाड़ियों के साथ कुछ देर के लिए वॉलीबॉल भी खेला। संचालन सुप्रियो सेन और शुक्ला द्वारा किया गया।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**भिलाई, 4 अप्रैल।** भिलाई सात मई को दुर्ग लोकसभा के लिए होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है केंद्रीय बलों की कंपनियां मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें साथ में लेकर जिले के कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने आम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि मतदाताओं से बिना किसी भय के मतदान करने की अपील की को जागरूक मतदान के लिए लोगों करने, आदतन अपराधियों, गुंडे, बदमाशों पर नकेल कसने के उद्देश्य से शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया गया जिसमें दुर्ग में आयोजित फ्लैग मार्च में दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला भी शामिल हुए उन्होंने दुर्ग के साथ ही मोहन नगर, सुपेला, वैशाली नगर, छावनी एवं खुर्सीपार थाना के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया पावर हाउस रेलवे. - स्टेशन पर जाकर भी जांच की पुलिस लाइन दुर्ग से शुरू हुआ फ्लैग मार्च पुलिस लाइन में जाकर समाप्त हुई वहीं पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई से शुरू हुआ फ्लैग मार्च छावनी में जाकर समाप्त हुआ इस दौरान फरीद नगर में केंद्रीय बल के जवानों को देखकर बच्चों ने भारत माता की जय का जयकारा लगाना शुरू कर दिया। केंद्रीय बल के जवानों ने उन बच्चों को गुलदस्ता भेंट किया। फ्लैद मार्च के पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बलों को ब्रीफ कर निष्पक्ष, निर्मिक एवं शांतिपूर्वक मतदान कराने, मुस्तैदी एवं सतर्कता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने उत्साहवर्धन किया गया ताकि आने वाले समय में वे अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें ।

## पुलिस विभाग चाक-चौबंद व्यवस्था में लगी



**भिलाई, 4 अप्रैल।** भिलाई दुर्ग लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सात मई को है इसे लेकर पुलिस विभाग भी चाक-चौबंद व्यवस्था में लग गया है पुलिस ने लगातार गश्त भी बढ़ा दी है चुनाव कार्य में लगे पुलिस को विशेष रूप से जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण भी दिया गया इसी के तहत पाटन थाना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग ( ग्रामीण ) वेदवर्त सिरमौर ने पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर के साथ मिलकर थाना पाटन के स्टाफ व पाटन में ड्यूटी करने पहुंचे केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक में चुनाव संबंधी विषय पर 'यादा फोकस किया गया इसके अलावा अभी तक चुनाव का शांतिपूर्वक संचालन के लिए की गई पुलिसिंग की भी समीक्षा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शांति पूर्वक मतदान के लिए स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल जो आए हैं, उनके साथ संयुक्त रूप से नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस फ्लैग मार्च निकालेगी संदिग्धों से पूछताछ जरूर करेंअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) सिरमौर ने बैठक के दौरान निर्देश दिया कि जो संदिग्ध दिखे, उसे पूछताछ जरूर करें मतदान के पहले और मतदान के दिन अलर्ट रहें एसडीओपी आशीष बंछोर ने मतदान में सुरक्षा को लेकर पुलिस की भूमिका के बारे में जानकारी दी इस दौरान पुलिस महकमा सहित केंद्रीय सुरक्षा बल के अधिकारी ओर जवान मौजूद रहे

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर ठगी

**भिलाई, 4 मई।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर चोरी के वाहन को 5 लाख में बेचने वाले आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है रकम लेने के बाद न वाहन दिया और ही रकम लौटाई पुलिस ने बताया कि गायत्री मंदिर के पास वार्ड-25 निवासी प्रवीण मुनेश्वर ने इस मामले में शिकायत की है उरला साई नगर निवासी जय कुमार चौहान से उसकी पहचान है उस पर विश्वास कर.उसने एक कार का दस्तावेज दिखाया खुद को उस कार का स्वामी बताया 5 लाख रुपए में सौदा हुआ और उसे दे दिया बाद में पता चला कि कार का जो दस्तावेज दिखाया वह फर्जी था इस कार के मालिक ने थाने में चोरी की शिकायत की है इस तरह यह चोरी के कार का सौदा कर रकम ले लिया रकम मांगने पर लौटा नहीं रहा है।

## नाबालिग ने लगाई फांसी

**भिलाई, 4 मई।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र अपनी मां की डांट से क्षुब्ध होकर एक ( 13 साल ) नाबालिग लड़की फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली नाबालिग लड़की की मां ने उसे समय से काम पर जाने की बात को लेकर डांटा था घटना की जानकारी मिलने पर मोहन नगर थाना पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि तितुरडीह उड़िया मोहल्ला निवासी विष्णु नायक की ( 13 साल ) बेटी संगीता नायक ने घर पर फांसी लगा ली उसके परिवार के सभी सदस्य काम पर जाते हैं संगीता की मां उर्मिला नायक ने उसे काम पर जाने के लिए बोला और इधर-उधर घूमने पर आपत्ति करते हुए डांट दिया था। इसके बाद उर्मिला काम पर चली गई थी उसके जाने के बाद संगीता ने अपने घर की सीट के पाइप से फांसी का फंदा बांधकर आत्महत्या कर ली।

## सूने मकान में चोरी



**भिलाई, 4 मई।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र सूने मकान में चोरी करने वाले चार पारधी गिरोह के चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए क्राइण एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि ग्राम पेण्डरी धमधा निवासी वैसाखिन साहू 28-29 मार्च को घर में पति पत्नी खाना खाकर सो रहे थे रात 12-30 बजे घर की खिड़की जो कि पक्का ईटा से ढका हुआ था उसे हटाकर 4 युवक घर के भीतर प्रवेश किया पीड़ित के मुंह, नाक को दबा दिया एक युवक के हाथ में बांस का डंडा था चारों ने मिलकर मारपीट भी किया और पहले हुए जेवरात और नगदी 10 हजार लेकर फरार हो गए। गांव में पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि एक पारधी युवक ग्राम चोरभट्ठी थाना साजा जिला बेमेतरा निवासी चूनू को पकड़ा गया। उसके बारे में पुलिस को जानकारी मिली कि चुनू जमकर रुपए खर्च कर रहा है संदेह पर चूनू पारधी को थाने लाकर पूछताछ की गई आरोपी ने पुलिस को बताया कि कुकुरमुड़ा निवासी अपने साला ग्राम कुकुरमुड़ा जिला खैरागढ़ निवासी मंगलू ने अपने चार दोस्त किशन, दुर्गेश, पिंटू, जितेन्द्र, जीजा चुन्नू के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया जितेन्द्र पारधी अब भी पुलिस पकड़ से बाहर है आरोपियों से बरामद सामान की कीमत 3 लाख 70 हजार रुपए आंकी गई है ।

## कानून-व्यवस्था के संबंध में बैठक 5 मई को

**दुर्ग 5 मई ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए मतदान दिवस 7 मई के 72 घंटे पूर्व कानून व्यवस्था के संबंध में प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 5 मई को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में उक्त संदर्भ में जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

# शिक्षकों में समाज बदलने की क्षमता : कलेक्टर

## शिक्षक गढ़ रहे हैं देश का भविष्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर राजनांदगांव के सभागृह में ग्रीष्मकालीन प्रायोजना पर चर्चा तथा विभागीय अधिकारियों एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी प्राचार्यों से कहा कि शिक्षक समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की दिशा में सभी अपना योगदान दें। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और आप सभी शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। शिक्षकों में ऐसी ताकत है, जो समाज को बदलने की क्षमता रखती है। बच्चों को अच्छे संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए भेजने हेतु उनका चिन्हांकन करें। आईटीआई, नीट, आईआईएम, नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एलएलबी, खेल-कूद एवं विभिन्न क्षेत्रों में उनका कैरियर बनाने के लिए ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर कोचिंग देने की आवश्यकता है। इन प्रयासों से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिला शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जिला है। देश के प्रख्यात साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, गजानंद माधव मुक्तिबोध, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की कर्मभूमि रही है और यहां के विभिन्न स्कूलों में महान विभूतियों ने शिक्षा प्राप्त की है। राजनांदगांव जिले में प्रतिभा की कमी नहीं है। पढ़ाई, खेलकूद, व्यवसाय सभी क्षेत्रों में यह जिला आगे रहा है। यहां शैक्षणिक दृष्टिकोण से सभी मिलकर बहुत कुछ अच्छा कार्य कर सकते हैं।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को एक सकारात्मक महौल में पढ़ाएं। अगर आप अपनी जिम्मेदारी को खुशी के साथ करेंगे, तो थकेंगे नहीं। अपने कार्य को सेवा भावना एवं समर्पण के साथ करेंगे तो आत्मसंतुष्टि मिलेगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए यह आवश्यक है कि ऐसा माहौल होना चाहिए, जिसमें बच्चों की सफलता देखकर दूसरों को भी प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने सामूहिक चर्चा, रिविजन, ऑडियो-वीडियो के माध्यम से अवधारणा स्पष्ट करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में संपर्क डिवाईज के माध्यम से अध्यापन का कार्य किया जा रहा है। स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के लिए सही तरह से मांग प्रस्तुत करें, ताकि मांग के अनुरूप बजट स्वीकृत हो सके। अधोसंरचना एवं सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को सक्रियतापूर्वक, शैक्षणिक विषय को अद्यतन करने तथा स्वयं के विकास की नई संभावनाओं की तलाश करने के लिए कहा। इस दौरान ग्रीष्मकालीन प्रायोजना, परीक्षा परिणाम, वार्षिक अकादमिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ पोर्टल पर शिक्षकों व कर्मचारियों की जानकारी की प्रविष्टि, विभिन्न देयकों के भुगतान व मांग, शिक्षा के अधिकार के तहत प्रवेश की कार्रवाई, लंबित पेंशन निराकरण, सहित अन्य विषयों पर विभागीय समीक्षा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने कहा कि कार्ययोजना बनाने के लिए संकुल की ओव्हनरशिप आज हस्तांतरित की गई है और सभी ने स्कूल को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए हैं। जिले में एजुकेशन हब बन रहा है, इसके लिए बच्चों को चिन्हांकित करें और उन्हें यहां भेजें ताकि उन्हें आवासीय सुविधा मिल सके और वे विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आगे अच्छी पढ़ाई कर सकें। इस अवसर पर सहायक संचालक श्री आदित्य खरे, सहायक संचालक श्रीमती बी संगीता राव, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्यौहरे, जिला साक्षरता समिति श्रीमती रश्मि सिंह, एपीसी श्री एमआर अंसारी, श्री पीआर झाड़े, श्री आदर्श वासनिक, श्री केपी विश्वकर्मा, श्रीमती प्रणिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी व प्राचार्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को दिए सुझाव

■ **अभिभावक एवं बच्चे प्रतिदिन एक घंटा मोबाइल से दूर रहकर करें आपसी चर्चा**

**राजनांदगांव 4 मई।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान प्रायोजना कार्य से घर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों एवं परिवारजनों को आवश्यक सुझाव दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 की समाप्ति के बाद आगामी 45 दिन अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इन अवकाश के दिनों में बच्चे अभिभावकों एवं परिवारजनों के साथ ही रहेंगे और अवकाश में बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से प्रायोजना कार्य करवाया जाएगा। जिसके लिए परिवारजनों की सक्रिय सहभागिता की आवश्यकता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिए गए आवश्यक सुझावों पर अभिभावकों एवं परिवारजनों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

कलेक्टर ने कहा कि बच्चों में परिवार के प्रति प्रेमभाव व लगाव तथा सामूहिकता की भावना विकसित कने के लिए अभिभावक बच्चों के साथ प्रतिदिन एक समय का भोजन अवश्य करें। निवास स्थान के निकटवर्ती प्राकृतिक स्थानों एवं प्राकृतिक संसाधनों से भी बच्चों को अवगत कराएं। जिससे बच्चे प्रकृति के अधिक निकट हो सकें और उनका सांसारिक विकास भी हो सके। अभिभावक एवं बच्चे प्रतिदिन एक घंटा मोबाईल से दूर रहकर आपसी चर्चा, उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य और उसमें आने वाली चुनौतियों और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता कैसे अर्जित करें, इस पर अपने जीवन के अच्छे अनुभव बच्चों से साझा करें। बच्चों को बड़े बुजुर्ग, दादा-दादी, नाना-नानी के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर प्रदान करें।

जिससे बच्चे अपने बड़ों के जीवन के अनुभव से अच्छे सार ग्रहण कर सकें। अपने आस-पास एवं जिले के सफल व अच्छे व्यक्तित्व के लोगों की जीवनी से बच्चों को अवगत कराएं। अभिभावक अपने बच्चों से मित्रता स्थापित करने का प्रयास करें और उनकी पसंद उनकी कमजोरियों, उनके भय को पहचानने का प्रयास करें और उसका अपने स्तर पर निदान करने का प्रयास करें। स्थानीय स्तर पर स्थानीय गीत, संगीत, कला से बच्चों को जोडने् का प्रयास करें। प्रतिदिन कुछ समय खेलकूद, योग व ध्यान में देना बेहतर है।कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को ग्रीष्मकालीन प्रायोजना कार्य उपलब्ध कराया जा रहा हैं। जिसमें अभिभावकों की सहभागिता बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगी। सुझावों का मुख्य उद्देश्य आगामी पीढ़ी का शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनका सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास भी करना है। जिससे बच्चे मानसिक रूप से स्वयं को अधिक मजबूत बना सके एवं समाज में अपनी अधिक सकारात्मक भूमिका का निवर्हन कर सकें।

## एक नजर

### अज्ञात महिला का शव मिला

**डोंगरगढ़ / मोहारा 4 मई।** पुलिया के नीचे अज्ञात मृत महिला का शव मिला है । 03 मई को करीबन 09ः00 बजे ग्राम बिजनापुर चौकी मोहारा पुलिया के नीचे अज्ञात महिला का शव संदिग्ध मृत अवस्था में मिला जिसमे चौकी मोहारा मे मर्ग क.-00/24 धारा-174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया गया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात मृत महिला की उम्र लगभग 25-30 वर्ष। रंग - गेहुआ उंचाई - लगभग 5 फिट पहनावा - सफेद रंग का टीशर्ट, डार्क नीले रंग का पेंट लोवर, बांये हाथ व दोनो पैरो मे काला रंग की रेशम धागा, दाहिने हाथ की तलवे वाली उंगली में चांदी की अंगुठी जिसमे मोती का पत्थर तथा अनामिका उंगली में लोहे की रींग पहनी है। दोनो पैरो की उंगलियो के नाखूनो मे लाल रंग की नेरपॉलिश लगा है, सफेद रंग की जूती मोजरी पहनी है। मृतिका दोहरा बदन की है, काले लंबे बाल है, बालो में मेंहदी लगायी है। शव 24 घंटा पुरानी होना प्रतीत हो रहा था। अतः समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं आम जनता से आग्रह व अनुरोध है कि उक्त मृतिका के संबंध में कोई जानकारी हो तो चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ को सूचित करें।

### कलेक्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से नोडल अधिकारियों से की चर्चा

**धमतरी 4 मई।** हर साल दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाते हैं और कम अंक अथवा असफल विद्यार्थी डिप्रेशन में चले जाते हैं। आगामी दिनों में घोषित होने वाले दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों के दौरान विद्यार्थियों को डिप्रेशन में जाने से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले के शासकीय और निजी स्कूलों के बच्चों के पालक-शिक्षक संवाद (पीटीएम)का आयोजन 4 मई को किया जायेगा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने इसकी तैयारियों के संबंध में आज संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों से वीडियो कॉफ्रेन्सिंग के माध्यम से आवश्क दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी, शिक्षक व पालक उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल हों, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परिणाम घोषित होते ही बच्चों की सूची जारी की जाये, ताकि बच्चे किसी अप्रिय घटना को अंजाम ना दें। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा वीडियो पोस्टर आदि तैयार किया गया है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि पालक-बालक दो अलग कमरों में बैठेंगे, ताकि उनके मन की बात समझी जा सके और आवश्यक जानकारी मिल सके। इसके लिए चिकित्सक की भी नियुक्ति की गई है, जो कि एक माह तक बच्चे की मानसिक स्थिति का ध्यान रखेंगे।

### आदिवासी सीएम होकर भी आदिवासियों के हित में कोई काम नहीं : सपा

**रायपुर 4 मई।** समाजवादी के प्रवक्ता डॉ. पुरूषोत्तम सोनवानी ने प्रेस को जारी बयान में



बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मा. श्री नवीन गुप्ता ने कहा कि आदिवासी सीएम होकर भी आदिवासियों के हित में कोई काम नहीं कर पा रहे है। मोदी के आदेश के अनुसार काम कर रहे है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार बनते ही हसदेव हरण्य में पेड़ों की कटाई एवं कोयला, लोहा, सीमेंट खदानों को मोदी के परम मित्र अडानी को बर्थडे गिफ्ट किया गया। छत्तीसगढ़ के कोयला, लोहा, सीमेंट को मालगाड़ी में भर-भर के ले रहा है और जनता सवारी गाड़ियों में धक्के खा रहें हैं। मालगाड़ियों को हरी सिग्नल देने से सवारी गाड़िया बहुत लेटलतीफी हो रही है जिससे आवाजाही करने वाले लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्या जनता का समय का महत्व नहीं हैं भाजपा सरकार को?। मोदी जी ने बुलेट टेऊन नहीं दिया जिसके कारण टेऊनों में भीड़ इस कदर बढ़ गई है कि यात्रियों को दरवाजे पर लटकते हुए सफर करना पड़ रहा है बढ़ती गर्मी में भारी भीड़ के बीच बड़ी मुश्किल से सफर कर रहे है और मोदी जी की गारंटी की जमूला जनता को सुना रही है। साय सरकार मालगाड़ियों से छत्तीसगढ़ की कोयला, लोहा, सीमेंट की एवं अन्य खनिज पदार्थ को साय-साय निकालकर ले जा रही है। आदिवासी परिवार एवं प्रदेश की जनता के लिए कुछ नहीं कर रहें हैं और किस मुंह से जनता से वोट मांग रहें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय?। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के कोयला, लोहा, सीमेंट को अडानी के मालगाड़ी से भर-भर के ले जा रहे हैं। क्या यही है मोदी की गांरटी? युवा बेरोजगार हैं अडानी मालामाल है फिर भाजपा को छत्तीसगढ़ की जनता फिर वोट क्यों करेगी।

### लोकतंत्र का सम्मान करेंगे-निश्चित ही मतदान करेंगे

**कोरबा 4 मई ।** लोकतंत्र का सम्मान करेंगे-निश्चित ही मतदान करेंगे...... पहले मतदान-फिर जलपान...... के संदेश के साथ कोरबा में मतदाता जागरूकता अभियान अब अपने चरम पर पहुंच चुका है, वहीं एनयूएलएम कार्यकर्ता व महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं डोर-टू-डोर पहुंचकर अनिवार्य मतदान के संदेश मतदाताओं को दे रही हैं। मतदान केन्द्रवार मतदाता जागरूकता के इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं, जहॉं पर मतदाता अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं तो दूसरी ओर घर-घर जाकर स्वच्छता दीदियॉं मतदान हेतु मतदाताओं को न्यौता दे रही हैं। मतदान की तारीख अब नजदीक आ चुकी है, 07 मई को मतदान होना है। कोरबा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में लगातार चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान अब अपने चरम पर पहुंच गया है, वहीं दूसरी ओर मतदाता अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं। निगम की स्वच्छता दीदियॉं घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को मतदान का न्यौता देते हुए 07 मई को अनिवार्य रूप से वोट डालने का आग्रह कर रही है, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के आव्हान पर विभिन्न स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों द्वारा भी अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा लोकतंत्र की मजबूती में अपनी सहभागिता देने के संदेश दिए जा रहे हैं।

# गंगरेल बांध में सुविधाओं के विस्तार के लिए कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

■ **गंगरेल बांध को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक सुन्दर सुविधाजनक व रोमांचित बनाने के लिए अधिकारियों से सुझाव भी मांगे**



**धमतरी 4 मई ।** रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल बांध में सुविधाओं के विस्तार और बांध क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने गंगरेल स्थित एडवेंचर कैंम्प, बरदिहा लेक व्यू, अंगारमोती माता मंदिर, गार्डन और बांध स्थल में मूलभूत सुविधायें, रंग-रोगन, झूलों, गार्डन की साफ-सफाई, पेयजल आदि को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय, वनमण्डलाधिकारी श्री जाधव श्रीकृष्ण सहित एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल और जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री गांधी ने गंगरेल बांध को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक सुन्दर, सुविधाजनक व रोमांचित बनाने के लिए अधिकारियों से सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनायें हैं, इस लक्ष्य को सभी मिलकर पूरा करेंगे, ताकि यहां प्रदेश के दूर-दराज से आने वाले पर्यटक अपनी अच्छी यादें लेकर यहां से जायें। उन्होंने अधिकारियों की टीम गठित कर बांध स्थल में मूलभूत सुविधायें जैसे पेयजल, शौचालय, पार्किंग, सोलर लाईट सहित अन्य सुविधायें रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बांध क्षेत्र में प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये जा रहे पेपर बैग और दोना-पत्तल आदि स्थानीय दुकानों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के तहत बांध के दूसरी ओर जाने के लिए सशुल्क ई-रिक्शा सुविधा प्रारंभ करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य स्थानों पर डस्टबीन और शौचालय की व्यवस्था करने कहा।

### विश्व भारती ऑटोमोबाइल्स मोवा की शानदार उपलब्धि

**रायपुर 4 मई।** मारुति सुजुकी ने अपनी वार्षिक कॉन्फ्रेंस 2023 -24 के दौरान अंताल्या, तुर्की मे विश्वभारती आटोमोबाइल नेक्सा को बहु प्रतिष्ठित ओमेगा अवार्ड एवं एरीना को रॉयल प्लेटिनम अवार्ड से नवाजा। विधानसभा रोड, मोवा स्थित विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में एक शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए इतिहास रचा है। समूचे छत्तीसगढ़ राज्य में केवल चुनिंदा संस्थानों ने रॉयल प्लेटिनम बैंड हासिल किया है जिसमे विश्वभारती एरिना का नाम भी शामिल है 7 साथ ही राज्य में उपस्थित सभी संस्थानों में से केवल विश्वभारती नेक्सा चैनल ने ओमेगा बैंड प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स की समर्पित टीम और ग्राहकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवा और अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, और यह पुरस्कार उनकी इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## समाचार संक्षेप

### सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने वृद्धा आश्रम में मनाया जन्मदिन




**राजनांदगांव 4 मई।** सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बछेराभाठा(डोंगरगढ़) स्थित जीवन आनन्द वृद्धाआश्रम पहुंचकर समाज और परिवार से उपेक्षित बुजुर्गो के साथ जन्मदिन मनाया एवम उनका आशीर्वाद प्राप्त भी किया। इस अवसर पर उनके साथ विजेंद्र सिंह ठाकुर, ज्योति बड़वाईक,प्रिंस कक्कड़,अखिलेश गडेवाल,मीना यादव,सुमित मिश्रा,गीता मानिकपुरी,रामकुमार डडसेना,अजय शर्मा,सुरेश मरकाम,मयंक डोंगरे,शुभम परिहार,ऋषभ डकहा,रमेश यादव,ठगिया मानिकपुरी,अनिल यादव,रिया साहू,पल्लव अग्रवाल,हिरोन्दी बाई निषाद, शारदा निषाद,नीलम यादव,गायत्री निषाद,सुशीला साहू,रेणुका सिरसाम,छाया सिरसाम,धर्मेंद पटेल,कपिल लारिया,जानकी साहू, मंगतीन बाई यादव,दुर्गी यादव,तरूण यादव,मंजू धनकर,गंगा यादव आदि कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए।

### महिला मोर्चा ने सम्हाली कमान घर-घर जाकर मांगा वोट



**राजनांदगांव 4 अप्रैल।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में प्रचार की जिम्मेदारी मिलने के उपरांत राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू रिसाली मंडल के विभिन्न वार्डों में जाकर लगातार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल को प्रचण्ड मतों से विजय बनाने के लिए धुआंधार प्रचार प्रसार कर रही है।गुरुवार को राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रुखमणी साहू,मीनाक्षी तोमर,स्नेहल, किरण साहू,बनाजोक्सी राव, आशा उमरे,तारामती साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने घर घर सघन जनसंपर्क किया। तत्पश्चात रिसाली मंडल महिला मोर्चा द्वारा चाय पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दरमियान प्रचार प्रसार में मातृ शक्तियों की उपस्थिति देखकर राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि स्वस्फूर्त ही महिलाएं कर रही है देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रचार प्रसार अपने भाई मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए संकल्पित एवं ललाईत नजर आ रही है तत्पश्चात पिछड़ा वर्ग सामाजिक सम्मेलन रिसाली मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गीता घासी साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए दुर्ग लोकसभा विजय बघेल को रिकॉर्ड मतो जीताकर दिल्ली भेजना है, उन्होंने जन समूह से निवेदन किया कि आगामी 7 मई को कमल फूल का बटन दबाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश के विकास में सहभागी बने।

### भट्ट समाज के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष गीता साहू से की सौजन्य मुलाक़ात

**राजनांदगॉव 4 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भट्ट समाज जिला दुर्ग मे सामाजिक कार्यकर्त्ताओ ने राजनांदगॉंव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू से सौजन्य मुलाक़ात किया और गुलदस्ता भेंटकर स्वागत सम्मान



किया। सामाजिक पदाधिकारियो ने अपनी बात अध्यक्ष के समक्ष रखी और सामाजिक गतिविधियो को अवगत कराया। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश भट्ट समाज संगठन मंत्री श्रवण भट्ट, महेंद्र भट्ट अध्यक्ष , लखन भट्ट उपाध्यक्ष , राजू भट्ट सचिव , अजय,तारेंद्र भट्ट,लक्की भट्ट, नारायण भट्ट,महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती लक्ष्मी महेंद्र भट्ट, सरोज भट्ट, गरिमा भट्ट, कलाभट्ट सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश भट्ट समाज जिला दुर्ग के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# विधायक भोला राम साहू ने दुर्ग से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के लिए मांगा समर्थन

**राजनांदगाँव 4 मई।** लोकसभा क्षेत्र में मतदान होने के बाद से क्षेत्रीय खुज्जी विधायक भोला राम साहू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर लगातार दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। शुक्रवार को भोला राम साहू ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में बेमेतरा विधानसभा मे कार्यकर्त्ताओ का बैठक लिया। वे लगातार ग्रुप बैठक, कार्यकर्ताओं की बैठक कर उन्हें मार्गदर्शन कर रहे हैं।बेमेतरा विधानसभा के गांव-गांव में बैठको का दौर चल रहा है। कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को बड़े अंतर से जिताने की बात कह रहे हैं। इसी कड़ी में बेमेतरा विधानसभा में बैठक लिया जिसमें खुज्जी विधायक भोला राम साहू ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता महंगाई से, युवा बेरोजगारी बेटी-बहन अपने सुरक्षा को लेकर, किसान अपने एमएसपी को लेकर चिःतित है, लेकिन वर्तमान मोदी सरकार को इनमें से किसी भी वर्ग की चिंता नहीं है बस ऐन केन प्रकार से सत्ता पाने के लिए जुमले पे जुमला लगा रहे हैं। मोदी सरकार अगर



तीसरी बार आती है तो संविधान आरक्षण सहित विभिन्न गंभीर विषयों को खतरा हो सकता है, विधायक भोला राम साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 5 न्याय, 25 गारंटी 400 रु. मजदूरी, गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख, एमएसपी कानून और जाति जनगणना का वादा इसलिए कांग्रेस के पंजा छाप में वोट डलवाये और अधिक से अधिक मतों से राजेन्द्र साहू को विजयी बनाने अपील की गई।

# मतदाताओं को प्रेरित करने में जुटीं सैकड़ों संस्थाएं

**रायपुर 4 मई।** शहर के अनेक व्यापारिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, चिकित्सा संस्थानों, मनोरंजन गृह व संगठनों ने लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान तिथि 07 मई को देश के महापर्व के रूप में मनाने की तैयारी की है। इन संस्थानों ने मतदाताओं हेतु कई ऐसे ऑफर की घोषणा की है, जो अंगुली पर नीली स्याही का निशान दिखाकर सीधे प्राप्त की जा सकेगी। ऐसे कई संस्थान मतदान केन्द्रों के आस-पास गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे पेयजल, नींबू पानी आदि की सुविधा देने आगे आ रहे हैं, वहीं स्कूलों के विद्यार्थी निःशक्त व बुजुर्गों को पोलिंग बूथ आने पर मतदान मित्र की जिम्मेदारी का सेवाभावी कार्य में जुट रहे हैं। 100 से भी अधिक संस्थान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से भेंट कर इस आशय का लिखित प्रस्ताव भी सौंपा है।चुनाव के पर्व को देश का गर्व मानते हुए रायपुर के नागरिक व कई बड़े संस्थान अपने स्तर पर स्वैच्छिक छूट प्रदान करने के प्रस्ताव के साथ आगे आए हैं, इसी श्रृंखला में सायाजी होटल ग्रुप ने 07 से 10 मई तक फूड बिल में 20 प्रतिशत की छूट की घोषणा




की है। इन्फिनिटी सैलून में 07 से 12 मई तक निःशुल्क हेयर और स्कीन परामर्श के साथ ही उनकी सेवाओं में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। इनके मेम्बरशिप प्लान में एक वर्ष तक 25 प्रतिशत डिस्काउंट भी दिए जाने की बात भी इन्फिनिटी सैलून ने लिखित प्रस्ताव में दिया है। इसी तरह मीनाक्षी सैलून में सभी तरह की सेवाओं में 12 मई तक छूट दिए जाने की घोषणा की गई है। इसके अलावा सुमीत बाजार समूह मतदान कर्मियों को गर्मी की तपिश से बचाव के लिए लगभग 15 हजार से भी अधिक निःशुल्क गमछे उपलब्ध करा रहा है। शैक्षणिक संस्थानों ने भी लोकतंत्र के महापर्व पर विभिन्न मतदान केन्द्रों में अपनी सेवाओं का प्रस्ताव दिया है। श्री वेदांता पब्लिक स्कूल बीरगांव द्वारा बीरगांव के 3 मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए नींबू पानी, शीतल जल, शरबत की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा मतदान कार्य में ड्यूटीरत कर्मचारियों की सुविधाओं का जिम्मा भी स्कूल प्रबंधन उठाएगा। आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीरगांव द्वारा मतदाताओं के लिए ऐसी ही व्यवस्थाओं के अलावा मतदान दल हेतु तीन कूलर सहित सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करेगा। संत ज्ञानेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजीवनी कैंसर अस्पताल के साथ मिलकर नौ बूथों में मतदाताओं के लिए शीतल पेयजल, नींबू पानी आदि के अलावा मतदान कर्मियों हेतु आवश्यक प्रबंध करेगा। देशबंधु हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा तीन मतदान केन्द्रों में सेल्फी पाइंट व अन्य स्कूलों की तरह बुनियादी व्यवस्थाओं के साथ एनएसएस कैडेट्स को मतदान मित्र की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। गुढ़ियारी के तिलक भारती हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा दो बूथ में मतदान दल के लिए कूलर की व्यवस्था के साथ मतदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। दिशा कॉलेज का स्टाफ पूरे दिन उपस्थित रहकर मतदान कर्मियों व मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करेगा। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं में बतौर सहयोगी प्रतिदिन दर्जनों संस्थाएं अपना प्रस्ताव देकर लोकतंत्र के इस महान कार्य में अपनी सहभागिता देने आगे आ रहे है, जिसकी वजह से आम मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह बढ़ा है और देश के महापर्व के तौर पर सभी वर्ग का जुड़ाव मतदान के लिए बढ़ते जा रहा है।

संपादकीय

# राहुल गांधी रायबरेली से क्यों लड़ रहे

कई दिनों से इस बात की अटकलें लगाई जा रहीं थी कि गांधी परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली व अमेठी से कौन चुनाव लड़ेगा। जब से सोनिया गांधी ने रायबरेली छोड़कर राजस्थान से राज्यसभा में गई तब से यह चर्चा चल रही थी कि रायबरेली और अमेठी से चुनाव कौन लड़ेगा। नामांकन के दिन ही इस बात का फैसला हो सका है कि अमेठी व रायबरेली से चुनाव कौन लड़ेगा। इससे समझा जा सकता है कि इन दोनों सीटों को लेकर कांग्रेस में कितना सोच विचार किया जा रहा था, कई बैठके हुई लेकिन इसका फैसला जल्द नहीं सका। पहले कहा गया कि रायबरेली से प्रियंका गांधी अमेठी से राहुल गांधी चुनाव लड़ेंगे। परिवार व पार्टी के लोग तो चाहते थे कि दोनों ही चुनाव लड़े। ताकि भाजपा को यह कहने का मौका न मिले कि गांधी परिवार ने यूपी को छोड़ दिया। गुरुवार रात तक पार्टी में विचार होता रहा। माना जाता है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं थी, उनका कहना था कि अगर वह अमेठी से चुनाव लड़ते हैं और जीत जाते हैं तो उनको वायनाड और अमेठी से एक सीट छोड़नी पड़ेगी। ऐसे में अगर उनसे चुनाव के दौरान पूछा गया कि वह दोनों सीटों में से कौन सी सीट छोड़ना पसंद करेंगे तो वह क्या कहेंगे। राहुल गांधी एक बार अमेठी छोड़कर वायनाड जा चुके हैं, इसलिए वह अब वायनाड़ नहीं छोड़ सकते। ऐसे में मजबूरन उनको फिर एक बार अमेठी ही छोड़ना पड़ेगा। इसलिए बीच का रास्ता निकील गया कि गांधी परिवार से किसी को रायबरेली या अमेठी एक सीट से चुनाव लड़ना चाहिए और तय किया गया कि राहुल गांधी यदि रायबरेली से जीत जाते हैं तो वह रायबरेली को छोड़ देंगे और उनके रायबरेली छोड़ने पर यहां से प्रियंका गांधी या और किसी को चुनाव लड़ाया जा सकता है। राहुल गांधी को रायबरेली से लड़ाने का फैसला इसीलिए किया गया है कि वहां से हार गए तो वायनाड़ तो है ही। अगर जीत गए तो रायबरेली छोड़ने में उनको किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। कांग्रेस नहीं चाहती थी कि भाजपा को यह कहने का मौका मिले कि गांधी परिवार यूपी को छोड़कर चला गया,यहां के नेताओं, कार्यकर्ताओं की भावनाओं का ख्याल नहीं किया। इसीलिए कम से कम किसी एक सीट से गांधी परिवार के एक सदस्य को चुनाव लड़ाना ठीक समझा गया है। कांग्रेस ने रायबरेली से राहुल गांधी व अमेठी से एकके शर्मा सोनिया गांधी को सचिव को प्रत्याशी बनाया है। वही भाजपा ने रायबरेली से दिनेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है तथा कैसरगंज से ब्रजभूषण शरण सिंह की टिकट काटकर उनके पुत्र करण शरण सिंह को टिकट दी है। अमेठी से स्मृति ईरानी का नाम पहले ही घोषित किया जा चुका है।वह तो इंतजार कर रही थी कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत करते हैं या नहीं। वह राहुलगांधी को कई बार अमेठी से चुनाव लड़ने की चुनौती दे चुकी है लेकिन राहुल गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने का फैसला कर स्मृति ईरानी को कहने का मौका दे दिया है कि वह हार के डर से अमेठी छोड़कर भाग गए। सोनिया गांधी के बारे में पहले ही कहा जा रहा था कि वह रायबरेली छोड़तक चली गई हैं। कितना अजीब संयोग है कि अमेठी राहुल गांधी के पिता सी परंपरागत सीट थी और रायबरेली उनीक माता सोनिया गांधी की सीट थी। एक सीट पर वह चुनाव हार चुके हैं,अगर वह रायबरेली हार जाते हैं तो कहा जाएगा कि राहुल गांधी ने पहले अपने पिता की सीट गंवा दी, अब माता की सीट से भी हार गए।



पर्यावरण चिंतन

संजीव ठाकुर

# पर्यावरण प्रदूषण और उष्णता से झुलसता देश



अब सिर्फ इसी की कसर रह गई थी कि भारत का दिल, देश की राजनीति का केंद्र और ब्यूरोक्रेट्स की नगरी दिल्ली विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जा रहा है द्य विडंबना है कि गाजा में इजरायली की बमबारी के बाद जितना प्रदूषण वहां हुआ है उससे कहीं ज्यादा वर्तमान में दिल्ली में फैला हुआ है। दिल्ली के बाद बांग्लादेश का ढाका शहर सर्वाधिक प्रदूषित माना जाता है द्य दिल्ली में कई सरकारें आई और गइं, केंद्र में भी ऐसा ही हुआ है पर दोनों सरकारें एक दूसरे पर दोषा- रोपण कर अपनी इति श्री कर लेती है। इसका स्थाई समाधान आज तक कोई नहीं खोज पाया और नतीजा दिल्ली शहर के बच्चे और बुजुर्ग फेफड़े और सांस की बीमारी से त्रस्त हो चुके हैं।

दिल्ली का वायु प्रदूषण करोना से भी ज्यादा स्थाई खतरा माना जा रहा है। बच्चे और बुजुर्गों के लिए खासकर उनकी स्वास नलियों तथा फेफड़ों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से उनके वायु तंत्र को अवरुद्ध कर कर उन्हें बीमार बना देते हैं। यह एक गंभीर समस्या हैद्य पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मुंबई, कोलकाता और अन्य राज्यों की राजधानी में खासकर शीतकाल में अत्यंत चिंताजनक स्थिति पैदा हो जाती है। गर्मियों में प्रदूषण तथा गर्मी लोगों को बुरी तरह संक्रमित करती है।

दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश के 8 बड़े शहर का पर्यावरण प्रदूषण खासकर वायु प्रदूषण खतरे के निशान से काफी ऊपर जा चुका है, अस्थमा तथा फेफड़े की बीमारियों के मरीज की संख्या में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है और सरकारें इसे संभाल नहीं पा रही है, पूर्व में कोविड-19 का संक्रमण वायु प्रदूषण के साथ जुगलबंदी कर लोगों की जान ले रहा था। वायु प्रदूषण स्थाई समस्या है यह करोना से भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है। करोना का इलाज तो वैक्सीनेशन से किया जा सकता है, एवं उसकी दवाई बनाई जा सकती है, और बनाई भी जा रही है। पर वायु प्रदूषण, पर्यावरण की गंभीर समस्या जिस पर यदि लगाम नहीं लगाई गई तो लाखों लोगों को सांस की बीमारियों से बचाया नहीं जा सकेगा।

समग्र रूप से पर्यावरण में अपशिष्ट पदार्थों का बिगड़े अनुपात में मिलना ही प्रदूषण को वातावरण में जन्म देता है। वैसे तो प्रदूषण के कई प्रकार हैं, जैसे वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण आदि इत्यादि।

पर वायु प्रदूषण इन सब में सर्वाधिक खतरनाक और मानवीय जीवन के लिए संहारक है। वायु में विषैली गैस के मिश्रण धूल और उद्योग द्वारा फैलाए गए जहरीले अपशिष्ट गैसों से वायु प्रदूषण तेजी से फैलता है। अमेरिकी शोध संस्थान द्वारा स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि भारत में वायु प्रदूषण से जनसंख्या के 40 से 45 प्रतिशत लोग प्रभावित हैं। एवं वायु प्रदूषण के कारण संपूर्ण जीवन में जीने के लिए 10 से 15 वर्ष तक उनकी जिंदगी के कम हो सकते हैं। क्योंकि भारत वैश्विक देशों से सर्वाधिक वायु प्रदूषित देश माना जाता है। इस शोध संस्थान द्वारा चेतावनी के साथ मशवरा भी दिया गया है कि वायु प्रदूषण को तत्काल कम करने के कारगर उपाय करने होंगे अन्यथा देश के बड़े शहरों में और उद्योग नगरी के साथ में बसे हुए शहरों में वायु प्रदूषण से मानव जिंदगी को खतरे बढ़ सकते हैं। भारत में दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, चेन्नई तथा मध्यम जनसंख्या वाले लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, रायपुर, इंदौर तथा उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में वायु प्रदूषण के कारण ज्यादा दमा तथा अस्थमा से मौतें हुई हैं। करोना काल में भी वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होने के कारण कई मरीजों की विषम परिस्थितियों में मृत्यु हुई है। कोविड-19 के संक्रमण से सबसे ज्यादा मरने वाले व्यक्तियों में वायु प्रदूषित व्यक्ति ही फेफड़ों की खराबी के कारण मृत्यु को प्राप्त हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का औसत हवा में प्रदूषण कारी सूक्ष्म कणों की मौजूदगी 70.3त्न है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्वस्थ वायु प्रदूषण की मानक की स्थिति 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मानी गई है। इस तरह भारत मैं प्रदूषण के महीन कणों की उपस्थिति विश्व के अन्य देशों की तुलना में 7 गुना प्रति क्यूबिक मीटर ज्यादा आंकी गई है। जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अति खतरनाक बताई गई है। इस तरह भारत दुनिया का सबसे प्रदूषित देश माना गया है। यहां जनसंख्या के 48 करोड़ लोग वायु संक्रमित पाए गए हैं इस तरह देश की लगभग 40त्न आबादी जहां वायु प्रदूषण का स्तर एवं अन्य प्रदूषण का स्तर भी नियमित रूप से दुनिया में कहीं भी पाए जाने वाले स्तर से बहुत अधिक है। जोकि स्वास्थ्य संगठनों की नजरों में बहुत ही चिंतनीय एवं गंभीर है। अमेरिका के एक शहर शिकागो में स्थित एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट ऑफ पोलूशन द्वारा बताया गया है कि दिल्ली और उत्तरी भारत में रहने वाले 48 करोड़ से ज्यादा लोग प्रदूषण के बढ़े हुए स्तर पर जल प्रदूषण में जी रहे हैं। प्रदूषण जो कोविड-19 के संक्रमण से भी ज्यादा खतरनाक है। क्योंकि कोविड-19 का संक्रमण एक संक्रामक रोग है, जिसकी वैक्सीन लगाकर रोकथाम की जा सकती है। पर पर्यावरण में प्रदूषित करने वाले सूक्ष्म पार्टिकल समान रूप से सभी नागरिकों को अपनी गिरफ्त में लेकर उनके फेफड़े खराब करने का काम करता है जो ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा है। मनुष्य स्वाभाविक रूप से प्रकृति पर निर्भर है। प्रकृति पर उसकी निर्भरता तो समाप्त नहीं की जा सकती है। किंतु प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते समय हमें इस बात का ध्यान रखना पड़ेगा इसका प्रतिकूल प्रभाव पर्यावरण पर ना पड़े या कम से कम पड़े। हमें उद्योगों की संख्या के अनुसार उसी अनुपात में बड़ी संख्या में वृक्षारोपण भी करना पड़ेगा। वृक्षारोपण आज पर्यावरण से बचाने की एक बड़ी तथा महती आवश्यकता है। वातावरण में घुली विषैली गैस होने के कारण शहर में मनुष्य का सांस लेना भी मुश्किल होता जा रहा है। विश्व की जलवायु में तेजी से हो रहे परिवर्तन के कारण पर्यावरण असंतुलन का बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ मोटर, रेल,घरेलू, औद्योगिक मशीनें एयर कंडीशन आदि वायु



प्रदूषण के लिए अत्यंत खतरनाक माने गए हैं। परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर और देश के नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाना होगा।और वृक्षों तथा जंगलों की कटाई को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाने की तत्काल आवश्यकता है। अन्यथा इसके दुष्परिणाम सामने आने लगेंगे तथा इसका सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पड़ेगा। वैश्विक आकलन के अनुसार भारत की विशाल जनसंख्या एक शक्ति तथा बाजार का उपभोक्ता केंद्र है। अतः हमें अपने नागरिकों की जनसंख्या को पर्यावरण प्रदूषण की बलि चढ़ने से रोकना होगा। वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा प्रभाव नौनिहालों और बुजुर्ग व्यक्तियों पर पड़ता है। दोनों की रक्षा करना देश तथा आमजन का प्रथम दायित्व होगा। अब हमें कोरोना के अलावा वायु प्रदूषण से भी युद्ध स्तर पर जंग करनी होगी। क्योंकि भारत देश विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित देश माना जाने लगा है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है, दोनों के बीच रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब भी होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगाएं। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़कर नाम कमाने का मौका मिलेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जाएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो सफलता दिलाने में मददगार साबित होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त और सृजनात्मक होंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप मित्रों के साथ कोई निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ना होगा। आज आपको यदि कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़े, तो बहुत ही सोच विचार कर लें।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना बन रही है, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। धार्मिक कार्य में आपकी इच्छा बढ़ेगी, आज आप सत्संग करवा सकते हैं, घर में उत्सव का माहौल होगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी।

धनु राशिः आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकता है, इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में न करें। राजनीतिक से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। आज किसी पुरानी समस्या को दूर करने के लिए योजनाएं बनायेंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को किसी टॉपिक को समझने में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। आज आप किसी काम को छोटा या बड़ा सोचकर ना करें।

मीन राशिः आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे।

व्यंग्य

# यह कैसा अभिशाप

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



एक दिन भगवान बुद्ध अपनी तपोभूमि के दर्शन करने और वहाँ का हालचाल जानने धरती पर पधारे। उन्हें देख आधुनिक युवक अंकमाल इस अवसर का लाभ उठाना चाहता था। वैसे भी लाभ उसी का उठाया जा सकता है जो कुछ देने की स्थिति में हो। और फिर बुद्ध तो वे होते हैं जो सिर्फ देना जानते हैं, लेना नहीं। सो उसने कहा, ÷भगवन्! मेरी इच्छा है कि मैं संसार की कुछ सेवा करूँ, आप मुझे जहाँ भी भेजना चाहें भेज दें ताकि मैं लोगों को धर्म का रास्ता दिखाऊँ? बुद्ध हँसे और बोले- ÷वत्स! संसार को कुछ देने से पहले अपने पास कुछ होना आवश्यक है, जाओ पहले अपनी योग्यता बढ़ाओ फिर संसार की भी सेवा करना। अंकमाल वहाँ से चल पड़ा और आधुनिक कलाओं के अभ्यास में जुट गया। लंबी-लंबी फेंकने से लेकर तू-तड़ाक कला तक पीटने से लेकर बुलडोजर चलाने तक उसने जितनी भी कलाएँ हो सकती हैं उन सबका उसने कुछ महीनों तक कठोर अभ्यास किया। अंधभक्त के रूप में सारे देश में उसकी ख्याति फैल गई। अपनी प्रशंसा से आप प्रसन्न होकर अंकमाल अभिमानपूर्वक लौटा और भगवान बुद्ध की सेवा में जा उपस्थित हुआ। अपनी योग्यता का बखान करते हुए उसने कहा- ÷भगवन्! अब मैं संसार के प्रत्येक व्यक्ति को कुछ न कुछ सिखा सकता हूँ। जोड़-तोड़ से बिगड़े काम बना और सुधरे काम बिगाड़ सकता हूँ। अब मैं राजकाज करने की कला का पंडित हूँ। भगवान बुद्ध मुस्कराये और बोले- ÷अभी तो तुम कलाएँ सीख कर आये हो परीक्षा दे लो तब उन पर अभिमान करना। अगले दिन भगवान बुद्ध एक साधारण नागरिक का वेश बदलकर अंकमाल के पास गये और उससे बढ़ते पेट्रोल-डीजल की कीमतों, बेतहाशा महंगाई के बारे में पूछ बैठे। अंकमाल क्रुद्ध होकर मारने दौड़ा तो बुद्ध वहाँ से मुस्कराते हुये वापस लौट पड़े। उसी दिन मध्याह्न फिर से बुद्ध भेष बदलकर अंकमाल के समीप जाकर बोले- ÷क्या तुम संन्यासी भेष की आड़ में रंगासियार बन राजपाट करना चाहोगे? लाल बत्ती वाली गाड़ी और बड़े से भवन में रहना चाहोगे?

अंकमाल को लोभ आ गया उसने कहा- हाँ-हाँ अभी चलो। भगवान बुद्ध मुस्करा दिये और चुपचाप लौट आये।

अंकमाल हैरान था- 'बात क्या है?'

थोड़ी देर बाद भगवान बुद्ध पुनः उपस्थित हुए। उनके साथ आजकल की बॉलीवुड आम्रपाली थीं। अंकमाल जितनी देर भगवान बुद्ध के साथ रहा आम्रपाली को ही घूरता रहा। बात समाप्त कर बुद्ध आश्रम लौटे। सायंकाल अंकमाल को बुद्ध देव ने पुनः बुलाया और पूछा- ÷वत्स! क्या तुमने क्रोध, काम और लोभ पर विजय की विद्या भी सीखी है?




अंकमाल को दिनभर की सब घटनायें याद हो आई। उसने कहा - भगवन। अब इन पर विजय की नहीं इन्हीं से घिरे रहने की आवश्यकता है। आज के समय में जो जितना क्रोध करता है वह उतना पराक्रमी, ऊर्जावान और जनाकर्षक कहलाता है। लोभ के बिना उद्देश्य की स्थापना नहीं हो सकती है। लोभ है तो जोग है। जोग है तो लोग हैं। अब लोभ रोग नहीं भोग की वस्तु बन गई है। जहाँ तक काम की बात है तो महाप्रभु! उजाले और अंधेरे के काम अलग-अलग होते हैं। दोनों कामों का अपने-अपने स्थान पर बड़ा महत्व है। एक से दिल का और दूजे से लोगों का काम तमाम किया जा सकता है। आधुनिक अंकमाल की बातें सुन दुनिया भर को उपदेश देने वाले भगवान बुद्ध अंतर्ध्यान हो गए।

तस्करी

प्रियंका सौरभ

# मानवता को शर्मसार करती मानव तस्करी

**मावनता को शर्मसार कर देने वाली मानव तस्करी सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग है, मानव तस्करी आधुनिक दुनिया में होने वाले सबसे विनाशकारी मानवाधिकार उल्लंघनों में से एक है। हर 30 सेकंड में एक व्यक्ति या बच्चे की तस्करी की जाती है, 3.8 मिलियन वयस्कों की तस्करी की जाती है और उन्हें यौन शोषण के लिए मजबूर किया जाता है, और हर साल दस लाख बच्चों को जबरन यौन शोषण के लिए तस्करी कर लाया जाता है, बंधुआ मज़दूरी भारत की सबसे बड़ी मानव तस्करी की समस्या है, जिसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को कर्ज़-बंधन, पिछली पीढ़ियों से विरासत में मिले ईंट-भट्टों, चावल मिलों और कारखानों में काम करने के लिये मजबूर होना पड़ता है।**



मानव तस्करी में बल, धमकी या जबरदस्ती जैसे तरीकों का उपयोग करके व्यक्तियों को परिवहन करना, भर्ती करना, स्थानांतरित करना, आश्रय देना और प्राप्त करना शामिल है। इन कृत्यों और साधनों का अंतिम उद्देश्य इन व्यक्तियों का शोषण के उद्देश्य से उपयोग करना है। इन व्यक्तियों का शोषण वेश्यावृत्ति, अंग व्यापार, यौन शोषण, जबरन श्रम, दासता और दासता जैसे विभिन्न अत्यंत अपमानजनक रूप लेता है। जिन व्यक्तियों की तस्करी की जाती है उनमें सबसे अधिक संख्या महिलाओं और बच्चों की होती है जिनका उपयोग विभिन्न अनैतिक प्रकार के श्रम या यौन शोषण के लिए किया जाता है। मानव तस्करी के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है और इसे मानव तस्करी का स्रोत, पारगमन और गंतव्य माना जाता है। किसी एक राज्य की सीमाओं के भीतर तथा अंतरराज्जीय मानव तस्करी के अलावा नेपाल और बांग्लादेश से अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी भी काफी लंबी खुली सीमा होने के कारण भारत में होती है। पश्चिम बंगाल मानव तस्करी का नया केंद्र बनकर उभरा है। भारत से पश्चिम एशिया, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में मानव तस्करी होती है। दुनियाभर में मानव तस्करी के पीड़ितों में एक-तिहाई बच्चे होते हैं।

एक अनुमान के अनुसार पिछले एक दशक में बांग्लादेश से लगभग 5 लाख महिलाएँ, लड़कियाँ और बच्चे अवैध रूप से भारत में लाए गए और यह संख्या साल-दर-साल बढ़ती ही जा रही है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल आज भारत का सबसे बड़ा सेक्स बाज़ार बनकर उभरा है और आँकड़े भी इस बात की गवाही देते हैं। देशभर के कोठों में देह व्यापार करने वाली जो लड़कियाँ रिहा कराई गईं, उनमें प्रति 10 लड़कियों में से 7 उत्तरी और दक्षिणी 24 परगना से लाई जाती हैं। इन लड़कियों में सबसे बड़ा डर पकड़े जाने का होता है, क्योंकि जब इन्हें रिहा कराकर घर वापस भेजा जाता है तो सामाजिक बदनामी से बचने के लिये परिवार वाले इन्हें स्वीकार करने से इनकार कर देते हैं। पकड़े जाने से बचने के लिये इन लड़कियों के दलाल अपने रहने का ठिकाना और मोबाइल के सिम कार्ड लगातार बदलते रहते हैं। बांग्लादेश के साथ लगा बेनोपोल बॉर्डर मानव तस्करी के लिये दलालों द्वारा सर्वाधिक प्रयोग में लाया जाने वाला रास्ता है और बांग्लादेशी दलालों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने मज़बूत ठिकाने बना लिये है। बांग्लादेशी लड़कियों को आकर्षक रोज़गार, वेतन और सुविधाओं के अलावा विवाह तथा फिल्मों में काम करने का लालच देकर भारत लाया जाता है, जहाँ मुंबई, हैदराबाद और बंगलूरु इनके पसंदीदा ठिकाने माने जाते हैं।



तस्करी उन स्थानों पर पनपती है जहां व्यापक गरीबी है। माता-पिता अपने बच्चों को बेच देते हैं क्योंकि गरीबी के कारण उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचता है, वे अक्सर सोचते हैं कि अपने बच्चों को बेचने से वे उन जगहों पर चले जाएंगे जो बहुत बेहतर हैं और जहां उनके जीवन में सुधार होगा। समाज के सबसे कमजोर वर्गों में से एक, जो तस्करी के प्रति अधिक संवेदनशील है, युवा महिलाएं हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकांश समाजों में सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महिलाओं को अवमूल्यन और अवांछित माना जाता है और इस तरह वे तस्करी की प्रथा के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं। उन जगहों से पलायन करने की इच्छा जहां उनका जीवन दयनीय है, व्यक्तियों को तस्करों से संपर्क करने के लिए तैयार करती है जो शुरुआती चरणों में उन्हें बेहतर जीवन के वादे के साथ लुभाते हैं, लेकिन एक बार जब पीड़ित उनके नियंत्रण में आ जाते हैं, तो उन्हें झुकाने के लिए जबरदस्ती के उपाय लागू किए जाते हैं। अन्य कारण हैं सीमाओं की छिद्रपूर्ण प्रकृति, भ्रष्ट सरकारी अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक समूहों या नेटवर्क की भागीदारी और सीमाओं को नियंत्रित करने के लिए आव्रजन और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की सीमित क्षमता या प्रतिबद्धता। पिछले कुछ वर्षों में तस्करी का खतरा ड्रग सिंडिकेट के बराबर एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट बन गया है। इसने पैसे और भ्रष्ट राजनेताओं की मदद से समाज में अपनी जड़ें गहरी जमा ली हैं। भारतीय कानूनी ढांचे में ठोस परिभाषाओं की कमी भी इस उद्देश्य में मदद नहीं करती है क्योंकि विभिन्न तस्कर कानूनी प्रणालियों में तकनीकी खामियों के आधार पर छूट जाते हैं। ठोस परिभाषाओं के बिना भी, कानून पर्याप्त होने चाहिए थे, लेकिन भारत में इन कानूनों के कार्यान्वियन में बहुत कुछ अधूरा रह गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर निगरानी की कमी ने तस्करों के लिए अपना व्यापार जारी रखने के लिए एक नया मंच खोल दिया है। तस्करी की समस्या पर डेटा अपर्याप्त है, इसलिए तस्करों के पैटर्न और कार्य तंत्र उतने स्पष्ट नहीं हैं जितना होना चाहिए। यहां तक कि जब पीड़ितों को तस्करों से बरामद किया जाता है तो उनका पुनर्वास इस तरह से नहीं किया जाता है कि वे दोबारा तस्करी का शिकार न हों। मानव तस्करी का खतरा बहुत बड़ा है और न केवल ऐसे अपराधों को रोकने की जरूरत है बल्कि यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि राहत और पुनर्वास प्रक्रिया सुचारू रूप से हो। नीतियों में और सुधार करने की आवश्यकता है और विभिन्न एजेंसियों और हितधारकों द्वारा उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। मानव तस्करी से सुरक्षा का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है। देश के हर बच्चे, हर पुरुष और हर महिला को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के लिए इस अधिकार की रक्षा की जानी चाहिए। मानव तस्करी वर्तमान विश्व के सम्मुख उपस्थित कई बड़ी समस्याओं में से एक है। तमाम कोशिशों के बावजूद इसे रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है और न केवल अल्प-विकसित और विकासशील देश बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या से अछूते नहीं है। मानव तस्करी भारत की भी प्रमुख समस्याओं में से एक है।

## एक नजर

### धोखाधड़ी से बचने की अपील

**बचेली 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । सूत्रों से सूचना मिल रही है कि जिला दंतेवाडा के कुछ क्षेत्रों में दो व्यक्ति के द्वारा बायोमेट्रिक डिवाइस लेकर PMAY-G के हितग्राहियों से संपर्क कर स्वयं को जिले के वरिष्ठ कार्यालय से सर्वे या अन्य कार्य से भेजा जाना बताकर उनके बैंक खाते से धोखाधड़ी कर राशि निकालने का कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त के संबंध में आप सभी थाना किरन्दुल क्षेत्र के लोगों को स्पष्ट रूप से अवगत हो कि जिले/वरिष्ठ कार्यालयों से किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को उक्त कार्य हेतु आदेशित/निर्देशित नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी/जनप्रतिनिधि /जागरूक जनता कृपया उक्त के संबंध में समस्त ग्रामवासी/हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से सूचित करें व इस प्रकार की कोई बात सामने आती है या कुछ लोग ऐसा करते पाये जाते हैं तो तत्काल किरन्दुल पुलिस को 9479194315 में सूचित करें।

### नवीन उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 10 मई तक आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री हरिस. एस के निर्देशानुसार जिले के अनुविभाग छिंदगढ़ अंतर्गत एक नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटित किया जाना है। जिसके तहत विकासखण्ड छिंदगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुम्मा के ग्राम कलेबांगपारा में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक ग्राम पंचायत,स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समिति या सहकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत अन्य संस्थाएं उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिन्दगढ़ में 10 मई 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस बारे में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिन्दगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क किया जा सकता है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कलेक्टर की पाती लेकर घर-घर पहुँची



**रायपुर 4 मई।** लोकसभा चुनाव-2024 में अधिक से अधिक मतदान हो, इस उद्देश्य को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला बाल विकास पर्वेक्षक मतदान का आमंत्रण पत्र और पीला चावल लेकर घर-घर पहुंचे और मतदान का आग्रह किया।

### नक्सलियों का कोर इलाका रायगुड़म में मुठभेड़, भाग खड़े हुए नक्सली, सर्चिंग जारी

**सुकमा 4 मई।** रायगुड़म इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी और कोबरा बटालियन के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जहां शुक्रवार सुबह जवानों को आता देख नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दिया। इसके बाद जवानों की जवाबी कार्यवाही में अपने को कमजोर पड़ता देखकर नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग खड़े हुए। जवानों ने उनका पीछा किया इस दौरान भी 2 से 3 बार रुक-रुक कर गोलीबारी हुई। जवान अब भी घटना स्थल पर मौजूद हैं, इलाके की सर्चिंग जारी है। विदित हो कि सुकमा जिले का रायगुड़म नक्सलियों का कोर इलाका माना जाता है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि, मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।

# केसीसी से किसानों की आय को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

- कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर बोर्ड की बैठक
- कृषि एवं सहायक गतिविधियों के लिए अधिकाधिक किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय करने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 4 मई।** कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा है कि केसीसी के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी सहित उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन इत्यादि आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से आय संवृद्धि के लिए ज्यादा से ज्यादा सहायता उपलब्ध कराया जाए। किसानों का खेती-किसानी कार्य हेतु लैम्पस सोसायटी तथा सहकारी बैंक से ज्यादा जुड़ाव रहता है। इसे मद्देनजर रखते हुए संबंधित विभागों के समन्वय से कृषि एवं उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन आर्थिक गतिविधियों हेतु किसानों को अधिकाधिक किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया जाए। कलेक्टर श्री विजय शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के संचालक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा विगत बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आज के बैठक में एजेण्डावार विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए एन.पी.ए. ऋण की वसूली प्राथमिकता के आधार पर किये जाने, रबी ऋण वितरण की समीक्षा, खरीफ ऋण वितरण 2024 के लक्ष्यों को पूर्ण करने, खाद-बीज का अग्रिम भण्डारण कर कृषकों को शीघ्र वितरण करने, वित्तीय वर्ष 2023-24 की लाभ-हानि की समीक्षा कर शुद्ध लाभ 14 करोड़ 60 लाख रूपए से अधिक राशि अर्जित करने हेतु बधाई दी गई । बैठक के दौरान इसी अनुक्रम में बैंक द्वारा विभिन्न संस्थाओं में किये गये निवेश-विनियोग की समीक्षा, वर्ष 2024-25 हेतु नाबार्ड से पुनर्वित्त प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रेषित करने, बैंक के पी.एल.आर. दर, पूर्ववर्ती जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के ऋणों की वसूली हेतु ÷एकमुश्त समझौता योजना÷ की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ानें, सायबर सुरक्षा नियंत्रणों की ऑडिट रिपोर्ट, माइक्रो एटीएम की मासिक आवर्ती लागत, बैंक के प्रधान कार्यालय भवन के जीर्णोद्धार किये जाने संबंधी निर्णय पारित कर समयावधि में क्रियान्वयन किये जाने निर्देशित करते हुए प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित कर बैंक के कार्यों में उत्तरोत्तर प्रगति लाने एवं शासन की योजनाओं को अधिक से अधिक कृषकों एवं आम जनों तक पहुंचाने में बैंक की सहभागिता बढ़ाने निर्देश दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने संभाग के सभी सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर से चर्चाकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ फसल के लिए ऋण वितरण की स्थिति का संज्ञान लेते हुए कहा कि शासन द्वारा पंजीकृत किसानों के साथ-साथ सभी वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को भी सभी प्रकार के ऋण योजनाओं का लाभ दें। सभी ब्रांचों द्वारा एनपीए का वर्गीकरण कर प्रकरणवार राशि वसूल करने का पुरजोर प्रयास किया जावें। प्राधिकृत अधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले शाखा बड़ेकापसी, किरन्दुल एवं फुलबगड़ी के ब्रांच मैनेजर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए । बैठक में प्रभारी सीईओ श्री केएस ध्रुव, श्री रजा, डीडीएम नाबार्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, उप संचालक कृषि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दूरस्थ अंचलों में बीसी सखियां पहुंचा रही बैंकिंग सेवाएं



**जगदलपुर, 4 मई।** बस्तर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रशिक्षित कुल 150 बीसी सखियों के माध्यम से 433 ग्राम पंचायतों के ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिले के दूरस्थ इलाकों में बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता के विकल्प के रूप में इन बैंक सखियों द्वारा जरूरतमंद ग्रामीणों को महत्वपूर्ण बैंकिंग सेवाएं प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत खाता खोलना, खाते से राशि निकासी करना, खाते में राशि जमा करना, राशि का हस्तांतरण करना, सामाजिक सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजनाओं का नामांकन करना, बिजली बिल भुगतान, मोबाईल रीचार्ज, टीवी रिचार्ज करना आदि सेवाएं सम्मिलित है।

जिले में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के पेंशन भुगतान, मनरेगा श्रमिकों को मजदूरी भुगतान, ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों को भुगतान, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को भुगतान सहित स्व सहायता समूहों की जमा-निकासी, व्यक्तिगत जमा-निकासी के तहत बड़ी संख्या में राशि के अंतरण उपरांत बैंकों में बढ़ते ग्राहकों की संख्या और बैंकर्स की कार्यभार को देखते हुए गांवों में ही बीसी सखी के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था की गई है। जिससे ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही बैंक की जरूरी सेवाएं उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री विजय के सार्थक प्रयासों के फलस्वरूप इस दिशा में विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा श्रमिकों को 20 करोड़ 22 लाख रूपए, विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को 15 करोड़ 11 लाख रूपए और महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को एक करोड़ 94 लाख रूपए कुल 37 करोड़ 27 लाख रुपए का भुगतान बीसी सखियों के द्वारा आधार इनेबल्ड पेमेन्ट सिस्टम का उपयोग कर सम्बन्धित ग्राम पंचायत स्तर में ही किया गया। जिससे इन हितग्राहियों की समय की बचत के साथ धन की बचत हुई। बीसी सखियां ग्राम पंचायत भवनों में हितग्राहियों को राशि का भुगतान, राशि जमा करने सहित अन्य कार्य सम्पादित करती हैं,ताकि ग्रामीणों को सहूलियत हो सके। वहीं प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सप्ताह में कम से कम दो दिवस बीसी सखियां सम्बन्धित ग्राम पंचायत में अवश्य उपलब्ध रहें। बैंक सखियों की सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में निर्धारित दिवस उपस्थिति का प्रचार-प्रसार भी वाल पेंटिंग के माध्यम से किया गया है, साथ ही ग्राम पंचायतों में स्व-सहायता समूहों की बैठक तथा सार्वजनिक कार्यक्रम इत्यादि में उक्त जानकारी दी जाती है। जिससे ग्रामीणों और हितग्राहियों को इस सम्बन्ध में पूरी जानकारी रह सके।

**एनआरएलएम से जुड़ने के फलस्वरूप बैंक सखी बनने मिला प्रोत्साहन :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सामूहिक गतिविधियों के संचालन को प्रोत्साहित किया जाता है। इसके माध्यम से महिलाओं को स्व-सहायता समूह गठित करने सहित नियमित बैठक, बचत, आपसी लेनदेन, बैंक की सहायता इत्यादि के साथ ही आर्थिक गतिविधियों के जरिये आय संवृद्धि को बढ़ावा दिया जाता है। एनआरएलएम से स्व-सहायता समूह की ईच्छुक महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं एवं बैंक की सहायता की जानकारी के साथ ही बैंक सखी का प्रशिक्षण भी जिला एवं ब्लॉक स्तर पर प्रदान किया जाता है। कोड़ेनार की विनीता ने बताया कि वह स्नातक की पढ़ाई कर चुकी हैं, लेकिन कोई रोजगार नहीं होने से गांव की दीदियों के साथ महिला समूह गठित किया। स्व-सहायता समूह से जुड़े रहने के फलस्वरूप बैंक सखी की सेवाएं देने प्रेरित हुई। इसी तरह हर्राकोड़ेर की संतोषी ठाकुर को कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने उक्त दूरस्थ इलाके के भ्रमण के दौरान बैंक सखी की सेवा देने प्रोत्साहित किए, तो संतोषी तुरंत तैयार हो गई। संतोषी भी पहले से एनआरएलएम से जुड़ी हुई है। संतोषी को एनआरएलएम के द्वारा बैंक सखी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। अब संतोषी इस सुदूर इलाके में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं दे रही है।

**हर महीने 7 से 8 हजार रुपए आय अर्जित कर रहीं हैं बैंक सखियां :** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ करवाने में महत्ती भूमिका निभाने वाली बैंक सखियां घर-परिवार के कार्यों के साथ ही हर महीने 7 से 8 हजार रुपए आय अर्जित कर रही हैं। जिससे वे परिवार की देखभाल में सहायक साबित हो रही हैं। इस बारे में बास्तानार ब्लॉक के कोड़ेनार में 2 साल से बैंक सखी की सेवा दे रही विनीता कोमरा बताती हैं कि वह प्रत्येक माह 15 से 16 लाख रुपए का लेनदेन कर लेती है,जिससे बैंक 6 से 7 हजार रुपए कमीशन प्रदान करती है। विनीता बैंक सखी के साथ लोक सेवा केन्द्र संचालन भी करती है और 5 से 7 हजार रुपए कमा लेती है। इसी तरह लोहंडीगुड़ा विकासखण्ड के सुदूर इलाके हर्राकोड़ेर की बैंक सखी संतोषी ठाकुर इस क्षेत्र में पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान कर ग्रामीणों के लिए मददगार साबित हो रही हैं। तोकापाल ब्लॉक के डोंगरीगुड़ा की बैंक सखी ललिता बघेल बताती हैं कि वह 2019 से बैंक सखी की सेवाएं देकर प्रत्येक माह 7 से 8 लाख रुपए का लेनदेन करती हैं। जिससे बैंक द्वारा हर महीने 3 से 4 हजार रुपए कमीशन प्रदान किया जा रहा है। ललिता स्व-सहायता समूह से भी जुड़ी है और साग-सब्जी उत्पादन एवं विक्रय के माध्यम से अपने समूह की दीदियों के साथ ही स्वयं के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बना चुकी है।

## एसबीआई चौक से चांदनी चौक मार्ग को किया गया वन-वे

**जगदलपुर 4 मई।** कलेक्टर विजय दयाराम ने कह कि जगदलपुर शहर धीरे-धीरे बड़े नगर का स्वरूप ले रहा है, इसके साथ ही शहर में वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शहर के व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाने के साथ नागरिकों की सुविधाओं को पूरा करना प्रशासन का प्रयास है। इसी व्यवस्था के तहत जगदलपुर शहर के एसबीआई चौक से चांदनी चौक मार्ग को वन-वे किया जा रहा है। यह मार्ग एसबीआई चौक से शराब दुकान तक आने वालों के लिए एकांकी किया गया है। जबकि एसबीआई चौक आने वालों के लिए चांदनी चौक से महावीर चौक होते जाने के लिए चिह्नांकित किया गया है। चांदनी चौक के सभी मार्ग को आने जाने के लिए खुला रखा गया है। कलेक्टर ने शहर की सुव्यवस्थित यातायात की व्यवस्था बनाएं रखने और वन-वे मार्ग निर्धारित करने के संबंध में चेम्बर ऑफ कॉमर्स, विभिन्न व्यापारी संघों के प्रतिनिधियों से जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में चर्चा किए। एकांकी मार्ग की व्यवस्था 3 मई के सुबह 7 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि एसबीआई चौक से शराब दुकान तक आने वालों के लिए एकांकी कर यातायात व्यवस्था को सुधार करने का एक प्रयोग किया जा रहा है। इसमें सफलता मिलने पर अन्य चौक-चौराहों में भी यातायात व्यवस्था सुधारने का कार्ययोजना बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने शहर के प्रमुख बाजारों में अस्थाई व स्थाई पॉर्किंग स्थलों की व्यवस्था के संबंध में व्यापारियों को जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि सुबह सात से रात दस बजे तक शहर में बड़ी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, इसके लिए सभी व्यापारी सहयोग करेंगे। व्यापारियों ने शराब दुकान को अन्यंत्र स्थानांतरित करने की मांग रखी जिसमें कलेक्टर ने बताया कि शासन को इस संबंध में अवगत करवाया गया है, शासन द्वारा इस वित्तीय वर्ष में शराब दुकान को हटाने के संबंध में कोई निर्देश नहीं मिलने की स्थिति में हटाना संभव नहीं है। पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने कहा कि इच्छा शक्ति के साथ सभी व्यापारी साथी प्रशासन का सहयोग और समर्थन करें, ताकि चौराहों के शहर जगदलपुर को व्यवस्थित ट्राफ़िक व्यवस्था दें सकें। इस अवसर पर व्यापारियों के सुझावों और मांगों का स्वागत करते हुए पुलिस अधीक्षक ने सड़कों में दुकानों का सामान को बढ़ाकर घेरने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## लापता सतउराम कुंजाम की हत्या के 4 आरोपी गिरफ्तार

**कोंड़ागांव 4 मई।** थाना धनोरा क्षेत्र अंतर्गत चनियागांव निवासी सतउराम कुंजाम की हत्या के मामले में प्रार्थी सनीत कुमार कुंजाम की रिपोर्ट पर एक माह बाद गुरुवार को पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी शिव कुमार कुंजाम, सियाराम कुंजाम एवं हत्या की जानकारी होने के बावजूद इसमें सहयोग करने वाले मानकु मण्डावी एवं मंगलराम मण्डावी को गिरफ्तार किया गया है। कोंड़ागांव एएसपी रूपेश कुमार डांडे ने केशकाल थाने में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि सतउराम कुंजाम की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी शिव कुमार एवं मानकुराम से पूछताछ करने पर यह स्पष्ट हुआ कि जमीन बटवारा से आपसी रंजिश को लेकर पूर्व में हुए विवाद के कारण हत्या करने के बाद उन्होंने अपने घर वालों को इस बात की जानकारी दिया था। लेकिन उनके घर वालों ने इस बात को छुपाया। मामले में मुख्य आरोपियों के खिलाफ 302, 201, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। साथ ही घटना के सम्बंध में जानकारी होने के बावजूद पुलिस की पूछताछ में जानकारी छुपाने के आरोप में मुख्य आरोपी शिव कुमार कुंजाम के भाई सियाराम कुंजाम व मानकु मण्डावी के पिता मंगलराम मण्डावी के विरुद्ध भादवि की धारा 201 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। कोंड़ागांव एएसपी रूपेश कुमार डांडे ने बताया कि प्रार्थी सनित कुमार कुंजाम गुम इंसान की पत्नि रजोन कुंजाम से पूछताछ के दौरान ग्राम के शिवकुमार कुंजाम, मानकू मंडावी के ऊपर गुम इंसान सतऊराम कुंजाम की हत्या करने की संदेह जाहिर करने पर संदेहि शिवकुमार कुंजाम, मानकू मंडावी को पुछताछ हेतु थाना लाया गया संदेहियों से पूछताछ करने पर सतऊराम कुंजाम और शिवकुमार कुंजाम व मानकू मंड़ावी का जमीन बटवारा से आपसी रंजिश को लेकर पूर्व मे विवाद चल रहा था जिसके चलते 28 मार्च 2024 के रात्रि 09.30 बजे सतऊराम कुंजाम निर्राबेड़ा विवाह कार्यक्रम से अकेले वापस आ रहा था।

## समाचार संक्षेप

### भरतपुर में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को जिताने महेश कश्यप ने जनता से की अपील

**जगदलपुर 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ में दो चरण चुनाव समाप्त होने के बाद तृतीय चरण की तैयारियो की सरगर्मी तेज हो गई है। बस्तर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय के पक्ष में जनसम्पर्क व नुक्कड़ सभा कर कमल छाप में बटन दबाकर विजयी बनाने की अपील कर रहे है। महेश कश्यप ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के भरतपुर में चुनाव प्रचार के दौरान महतारी वंदन के लाभार्थियों से चर्चा कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लखपति दीदी की गारंटी से प्रेरित होकर मातृशक्तियों ने कमल खिलाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की गारंटी दी।महेश कश्यप ने क्षेत्रवासियों से चर्चा करते हुए बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 2024 में तीसरी बार कमान संभालते ही हर गारंटी पूरा करेंगे। देश की आजादी के बाद देश में ऐसा कोई नेता नहीं हुआ हैं जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की तरह देश के विकास, प्रगति और मजबूती के लिए दिन रात सोचता हो, जो बिना छुट्टी लिए 18-18 घंटे काम करता हो, प्रधानसेवक जी के इसी कर्मयोग के कारण भारत के साथ-साथ विश्व के अनेक नेता और नागरिक उनके मुरीद हैं। इस अवसर पर उन्होंने सांसद प्रत्याशी सरोज पांडेय जी को वोटरूपी आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। कोरबा संसदीय क्षेत्र चुनावी प्रवास के दौरान आज पूर्व केंद्रीय मंत्री ,भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह से जनकपुर में महेश कश्यप ने मुलाकात किया। इस दौरान चुनावी विषयो की ले कर चर्चा भी हुई।

### विकासखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**सुकमा, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिला मुख्यालय सुकमा में स्वामी विवेकानंद बहुउद्देशीय सभागार में विगत



दिवस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री जी.आर.मण्डावी जिला शिक्षा अधिकारी ने बालवाडी नोडल शिक्षक एंव आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता को संबोधित किया। उन्होने शिक्षा विभाग एंव महिला विकास विभाग को बालवाड़ी के नियमित संचालन करने, बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास ध्यान करते हुए कार्य करने, बालवाड़ी में बच्चों के नियमित ठहराव हेतु रोचक गतिविधियां कराए जाने आदि विषयों पर उद्बोधन दिया। 27 से 29 अप्रैल 2024 चलाये गए, तीन दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर टेनर्स के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान, बच्चों के विकास के आयाम, विभिन्न स्थानीय खेल खिलौना का बालवाड़ी में उपयोग, गीत-कहानियां, निष्ठा 3.0कोर्स, एफएलएन मिशन 2026-27 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में श्री सीताराम सिंह राणा एपीसी समग्र शिक्षा, श्री बैसुराम मरकाम एपीसी सुकमा विकासखंड सुकमा से श्री प्रफुल्ल कुमार डेनियल एबीईओ, श्री दीपक बारसे बीआरसी सुकमा, मास्टर टेनर्स सुश्री रश्मि चन्द्रवंशी आईसीडीएस, श्री संदीप सोनकर, श्री महेन्द्र साहू, श्री भागवत यादव सहित सुकमा, कोन्टा से आए शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बस्तर ने प्लास्टिक रिसाइक्लिंग कांफ्रेंस एशिया 2024 में जीता पहला पुरस्कार

**जगदलपुर, 4 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिला पंचायत बस्तर ने 2024 के प्लास्टिक रिसाइक्लिंग कांफ्रेंस एशिया में लोकल बॉडी चैंपियन श्रेणी में पहला पुरस्कार जीता है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे कलेक्टर बस्तर श्री विजय दयाराम के. के सतत मार्गदर्शन के साथ ही सार्थक प्रयास और नेतृत्व का अहम योगदान है। जिला प्रशासन बस्तर एवं एचडीएफसी बैंक, सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन एवं श्रष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज द्वारा रूरल एंड अर्बन लैंडस्केप फ्री ऑफ ड्राई एंड प्लास्टिक वेस्ट परियोजना को बस्तर जिले में बेहतर रणनीति के साथ कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसके तहत बाबू सेमरा जगदलपुर में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का निर्माण किया गया है। उक्त पुरस्कार समारोह 2 से 3 मई को नई दिल्ली के में आयोजित किया गया, इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने पुरस्कार प्राप्त किया। यह महत्वपूर्ण पुरस्कार हासिल होने से अब प्लास्टिक सामग्री रिसाइक्लिंग के लिए जिले के अधिकारी-कर्मचारियों सहित आम नागरिकों को प्रोत्साहन मिलेगा।




**तिल्दा नेवरा 4 मई।** काग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेज ने लोकसभा प्रत्यासी विकास उपाध्याय के पक्ष में नगर में आम सभा संबोधित कर कहा की इस बार देश में काग्रेस सरकार बना रही है। बढ़ती मंहगाई और अनेक बातो पर मोदी सरकार के खिलाफ आरोप लगाते हुए काग्रेस को विजय बनाने की अपील की।

### तापमान में वृद्धि होने की वजह से लू लगने की आशंका अधिक

# भीषण गर्मी में लू से बचाव एवं उसके उपाय के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 4 मई।** ग्रीष्म ऋतु के चलते वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। इस दौरान तापमान में वृद्धि होने की वजह से लू लगने की आशंका अधिक होती है। लू से बचाव एवं उसके उपाय हेतु कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी जारी किए गए हैं। लू के लक्षण- सिर में भारीपन और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोश होना आदि लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं। लू से बचाव के उपाय- लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने का मुख्यतया शरीर में नमक की कमी होना है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए। बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाएं, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, अधिक समय तक धूप में न रहें, गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पिएं, चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय तथा जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जावे तथा उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ली जाए।

लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार- बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगायें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा दें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जावें। मितानिन, ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें।

जितना हो सके पर्याप्त पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर से संबंधित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो. तरल पदार्थ लेने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहनें, ओ.आर.एस. (ओरल हाइड्रेशन) घोल, घर का बना पेय लस्सी, (तोरानी चावल) का पानी, नींबू का पानी, छाछ, आदि का उपयोग करें। बाहर जाने से बचें, यदि बाहर जाना आवश्यक है, तो अपने सिर (कपड़े, टोपी या छाता) और चेहरे को कवर करें। जहां तक संभव हो किसी भी सतह को छूने से बचें।

जितना हो सके घर के अंदर रहें, अपने घर को ठंडा रखें धूप से बचाव के लिए रात में पर्दे, शटर का उपयोग करें और खिड़कियां खोलें। निचली मंजिलों पर बने रहने का प्रयास करें। पंखों का उपयोग करें, कपड़ों को नम करें और अधिक गर्मी में ठंडे पानी में ही स्नान करें। यदि आप बीमार महसूस करते हैं तो उच्च बुखार/लगातार सिरदर्द, चक्कर आना, मतली या भटकाव, लगातार खांसी, सांस की तकलीफ है तो तुरंत डॉक्टर को दिखायें तथा जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी दें।

गर्मी के दौरान बाहर न जाएं। अत्यधिक गर्मी के घाटों के दौरान बाहर जाने से बचें विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच। नंगे पैर या बिना चेहरे को ढंके और बिना सिर ढंककर बाहर न जाएं। व्यस्थतम समय (दोपहर के दौरान खाना पकाने से बचो। खाना पकाने वाले क्षेत्रों (रसोई घरों) में दरवाजे और खिड़कियां खोलकर रखें, जिससे पर्याप्त रूप से हवा आ सके। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय पीने से बचें जो शरीर को निर्जलित करते हैं। उच्च प्रोटीन, मसालेदार और तेलीय भोजन खानें से बचें. बासी खाना न खाएं और बीमार होने पर बाहर धूप में न जाएं घर पर रहें।

कार्यस्थल पर स्वच्छ और ठंडा पेयजल प्रदान करें, श्रमिकों को सीधे धूप से बचने के लिए सावधानी बरतें। यदि उन्हें खुले में काम करना पड़ता है जैसे कि (कृषि मजदूर, मनरेगा मजदूर आदि) तो सुनिश्चित करें कि ये हर समय अपना सिर और चेहरा ढंके रहें। दिन के समय निर्धारित समय-सारणी निश्चित करें, खुले में काम करने के लिए विश्राम गृह की अवधि और सीमा बढ़ाएं। गर्भवती महिलाओं या कामगारों की चिकित्सकीय स्थिति पर विशेष ध्यान दें। यदि कोई बीमार है तो उसे डयूटी पर्यवेक्षक को सूचित किया जाना चाहिए। कार्यस्थल पर, धूम्रपान या तंबाकू न ही थूकें और न ही चबाएं। जो लोग बीमार हैं उनके निकट संपर्क से बचें तथा बीमार होने पर काम पर न जाएँ घर पर ही रहें।

## एक नजर

### युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर, 4 मई।** टाटीबंध शराब दुकान के पास दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी लीलाराम साहू 34 वर्ष आदर्श दिद्वालय के पास टाटीबंध का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी टाटीबंध के शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए लाइन में लगा हुआ था। तभी आरोपी आकाश पांडे और विश्वंत यादव ने पहले शराब लेने की विवाद पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर चाकू मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ऑफिस से हजारों के सामान पार

**रायपुर, 4 मई ।** जागृतिनगर स्थित उड़िसा कांक्रील एंड एलायड इंस्डस्ट्रीज लिमिटेड के ऑफिस से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गुरूप्रित सिंह 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि जागृतिनगर स्थित उड़िसा कांक्रील एंड एलायड इंस्डस्ट्रीज लिमिटेड के ऑफिस के दिवाल फांदकर अज्ञात चोर ने अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे बैरिंग, कॉपर वायर, सिट व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 457,380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 4 मई ।** सेक्टर 28 नवागांव में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने बाइक सवार का रास्ता रोककर मारपीट किए। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रूपेश टंडन 23 वर्ष सेक्टर 28 नवागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी आरोपी सोनू पुरैना अपने दोस्त के साथ आया और प्रार्थी का रास्ता रोककर गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं आरोपियों ने उसके बाइक में भी तोड़फोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 341, 427, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### समर कैंप 10 मई से

**रायपुर 4 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित वाणी वाचन श्रवण बहु प्रशिक्षण पुनर्वास केंद्र में इस वर्ष छत्तीसगढ़ में प्रथम बार दिव्यांग बच्चों हेतु समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी सम्मिलित है इस कैंप में अपने बच्चों को सम्मिलित कर पंजीयन करवा सकते हैं पंजीयन 30 अप्रैल से 6 मई तक होना है समर कैंप 10 मई 2024 से 10 जून 2024 तक है कैम्प 10 मई से 10जून तक।

### महिला से छेड़खानी

**रायपुर, 4 मई।** ग्राम घीवरा में महिला से छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नवीन वर्मा ने प्रार्थिया का रास्ता रोककर बेइज्जत करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 341, 354, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 7 पकड़ाए

**रायपुर, 4 मई ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने शराब भट्ठी के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सिकन्दर प्रसाद 31 वर्ष, मोवा पुलिस ने आरोपी रमन पटेल 58 वर्ष, मौदहापारा पुलिस ने आरोपी भावेश पटेल 31 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी राधेश्याम देवांगन 55 वर्ष, राधेश्याम देवांगन 50 वर्ष, आयूष प्रधान 37 वर्ष व श्रीकांत साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### इसुजु मोटर्स इंडिया ने भारत में अग्रणी भूमिका निभाई

**रायपुर 4 मई।** गतिशील और उत्साही भारतीय ग्राहकों को जीवनशैली की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक स्टाइलिश उत्पाद श्रृंखला प्रदान करने की अपनी खोज में , इसुजु ने अपने समृद्ध व्यक्तिगत यात्री पिक - अप भारत के लिए पेश किए थे , जो मेड - इन - इंडिया हैं। आज का लॉन्च लाइफस्टाइल पिक - अप सेगमेंट में एक ट्रेंड स्थापित करने की इसुजु की प्रतिबद्धता को उजागर करता है , जिसने भारत में अग्रणी भूमिका निभाई है। नवीनतम वी-क्रॉस चार गुना चार टॉप वेरिएंट बाहरी हिस्से में कई खूबसूरत लेकिन उत्तम दर्जे के तत्वों के साथ स्टाइल को बढ़ाता है। यह कालातीत अपील गहरे भूरे रंग में तैयार स्टाइलिंग तत्वों के साथ हासिल की गई है। ये सूक्ष्म रूप से दृश्य गतिशीलता और एक अलग सड़क उपस्थिति को जोड़ते हैं जो अब वाहन प्रदर्शित करते हैं , जिससे वे अधिक आक्रामक और स्पोर्टी बन जाते हैं। इसुजु यात्री पिकअप लाइन - अप रेंज में अब सक्रिय सुरक्षा प्रणालियों का पूरा सुइट है।

# कार्यकर्ताओं में जोश, मतदाता खामोश

## कोरबा में दीदी को जिताने भाजपा ने झोंकी ताकत

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 4 मई।** प्रदेश में रायपुर सहित सात लोकसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए अब सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता व नेता रैली निकालकर तथा घर-घर संपर्क कर अपने पक्ष में माहौल बना रहे हैं। तीसरे चरण के लिए सात लोकसभा क्षेत्रों में पांच मई को शाम 5 बजे चुनावी शोरगुल थम जाएगा। तीसरे चरण के लिए अब किसी भी बाहरी अथवा राष्ट्रीय नेता के आने की संभावना नहीं है। स्टार प्रचारक के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को जिताने के लिए सामाजिक सम्मेलनों का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं में जोश है लेकिन मतदाताओं की खामोशी इस समय राजनेताओं को मुश्किल में डाल रही है।

प्रदेश में तीसरे चरण के लिए सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर में सात मई को मतदान होगा। कुल सात लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 58 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 39 लाख है। इसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। 18 एवं 19 आयु वर्ग के कुल 608050 मतदाता हैं। युवा मतदाता पर सभी राजनीतिक दलों की नजर लगी हुई है। आयोग ने सभी मतदान केंद्रों में निष्पक्ष मतदान कराने के लिए वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। कुल मतदान केंद्रों की संख्या 15701 है। इसमें 114 सहायक मतदान केंद्र हैं। तृतीय चरण के लिए बैलेट यूनिट लगाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। सभी वीवीपैट मशीनों की प्राथमिक जांच कर ली गई है।

### महिला कर्मचारियों की अहम भूमिका

रायपुर लोकसभा के अंतर्गत उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 293 मतदान केंद्रों का संचालन करीब 800 महिलाएं करेंगी। वहीं कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 279 मतदान केंद्रों में चुनाव संचालन का जिम्मा महिला कर्मचारियों को दिया गया है। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में महिलाओं के लिए संगवारी केंद्र बनाए गए हैं। इनकी संख्या प्रत्येक जिले में 30 से अधिक है। रायपुर लोकसभा के उत्तर विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी एवं डिप्टी सीईओ निधि साहू ने बताया कि यहां पर महिला कर्मचारियों को विधिवत प्रशिक्षण दे दिया गया है। इंजीनियरिंग कालेज सेजबहार से वे मतदान पैकेट लेकर 6 मई को रवाना हो जाएंगी। इसके लिए बस एवं अन्य व्यवस्थाएं की गई है। भीषण गर्मी में मतदाताओं के लिए ठंडा व नींबू पानी की भी व्यवस्था की गई है। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के 60 मतदान केंद्रों का संचालन महिलाओं के द्वारा किया जाएगा। बिलासपुर लोकसभा भी तीन जिलों में बंटा हुआ है। बिलासपुर, मुंगेली और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में 15 महिला संगवारी केंद्र खोले गए हैं। यहां पर महिलाएं चुनाव का संचालन करेंगी। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भी महिला संगवारी केंद्र खोला गया है। चांपा-जांजगीर जिले में भी महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब अंतिम चरण में कोई स्टार प्रचारक यहां नहीं आएगा। केवल मुख्यमंत्री ही चुनावी सभाएं लेंगे। रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल और विकास उपाध्याय ने अपनी चुनावी रैली निकालकर राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन किया है।

### तीसरे चरण के लिए 202 कंपनियां तैनात

तृतीय चरण के लिए 202 सुरक्षा कंपनियां अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में तैनात कर दी गई है। 18 जिलों में शैडो एरिया बनाए गए हैं। चिन्हांकित 283 केंद्रों में से 324 रनर हैं। सभी मतदान दलों को 6 मई को रवाना कर दिया जाएगा। 6 एवं 7 मई को समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के लिए अभिप्रमाणन जरूरी है। सी-विजिल में कुल 1416 शिकायत प्राप्त हुए हैं। अभी तक सातों लोकसभा क्षेत्रों में डाक मतपत्र के माध्यम 85 प्लस आयु वर्ग, दिव्यांग, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं को मतदान के पहले मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। अभी तक 28396 डाकमतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। सी-विजिल से शिकायतें प्राप्त हो रही है। अभी तक 1416 शिकायतें प्राप्त हुई है। इनमें से 1021 पर कार्रवाई की गई है। आचार संहिता के दौरान संपत्ति विरूपण के लिए बैनर-पोस्टर, वाल राइटिंग हटाए गए हैं। राज्य में शराब, नशीली दवाइयों, महंगी वस्तुओं की भी जब्ती की जा रही है। 16 मार्च से लेकर आज तक कुल 55 करोड़ मूल्य के नकदी तथा अन्य सामग्रियां जब्त की गई है। इस प्रकार एक जनवरी से आज तक कुल जब्ती 121 करोड़ है।

# शंकराचार्य जयंती समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**रायपुर 4 मई।** शहीद स्मारक भवन रायपुर में 12 मई को छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित भव्य प्रदेश स्तरीय आद्य शंकराचार्य जयंती समारोह में मुख्य अतिथि मान.श्री विष्णुदेव साय जी मुख्यमंत्री, एवं विशिष्ट अतिथि श्री अरुण साव जी उप मुख्यमंत्री, श्री विजय शर्मा जी उप मुख्यमंत्री होंगे, एवं विशेष अतिथि के रूप में श्री बृजमोहन अग्रवाल जी मंत्री, श्री मोतीलाल साहू जी विधायक, महंत श्री रामसुंदर दास जी दुधाधारी मठ,डॉ.महेश गिरि जी दिल्ली,महंत श्री सच्चिदानंद गिरि जी दिल्ली होंगे। कार्यक्रम... मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन, शोभायात्रा, भोजन प्रसादी, आद्य शंकराचार्य जी पर व्याख्यान, अतिथि स्वागत,




प्रतिभा सम्मान,युवक युवती परिचय सम्मेलन आदि संपन्न होगा। प्रांतीय संरक्षक द्वय श्री लिल्लार पुरी, श्री चित्रसेन गिरि जी, प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रभाकर बन एवं जिला अध्यक्ष श्री वेद पुरी जी ने इस शुभ अवसर पर समाज के सभी लोगों से अपील किये हैं कि अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावें। उक्त जानकारी सचिन पुरी रायपुर ने दी है।

## अष्टम ध्वजारोहण के पहले जैन गौशाला की स्थापना का संकल्प

**रायपुर 4 मई।** समस्त भैरव सोसाइटी व आस पास के जैन समुदाय में अपूर्व उत्साह उमंग व ध्वजारोहण महोत्सव में शामिल होने का पवित्र संकल्प लिए प्रातः से ही श्रावक श्राविकाओं व भक्तजनों के आवागमन का अविरल प्रवाह निरन्तर गतिशील था , पूरे मंदिर परिसर सभा मंडप भगवान के गर्भ गृह को सुगंधित फूलो से सजाया गया था निर्धारित मुहूर्त प्रातः 9 बजे ध्वजा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी म. सा . के शुभ आशीर्वाद से उपाध्याय प्रवर , आध्यात्म योगी श्री महेन्द्र सागर जी एवं उपाध्याय श्री मनीष सागर जी म सा के सुशिष्य श्री विवेक सागर जी व श्री हर्षवर्धन सागर जी आदि ढाणा के पावन सानिध्य में आरम्भ हुआ। सुप्रसिद्ध विधिकारक श्री विमल गोलछा ने ध्वजारोहण निमिते सत्तर भेदी पूजा का आगाज सर्वप्रथम ? पुण्याहम पुण्याहम प्रियन्ताम प्रियन्ताम के पवित्र शब्दों के साथ करते हुए सर्वप्रथम छेत्रपाल देवता को पूजा में शामिल होने आव्हान करते हुए नारीयल पान पत्ता फल नैवेद्य समर्पित किया फिर प्रारम्भ हुई 17 विधान से ध्वजा की पूजा प्रत्येक विधान में मंत्रोच्चारण के साथ अक्षत के स्वास्तिक में नारियल फल फूल मिठाई समर्पित की ध्वजा के लाभार्थी परिवारों ने नवमें ध्वजा की पूजा के विधान में अष्टप्रकारी पूजा आरम्भ की , कायमी ध्वजा के लाभार्थी परिवार क्रमश श्री सीमंधर स्वामी - मूलचंद संतोष सरला बैद परिवार - दादागुरु श्री जिनकुशल सूरी जी - तिलोकचंद शांतिलाल अशोक बरडिया परिवार , दादा श्री जिनदत्त सूरी जी - श्रीमती पुष्पा देवी मनोज कविता कोठारी परिवार व मणिधारी दादा श्री जिनचंद सूरी जी की ध्वजा महेन्द्र मीना , तरुण सुषमा , मानस , गौरव प्रेरणा , दिया , कल्प , गर्वित कोचर आदित्य मानसी बैद परिवार ने मुनिभगवंत से ध्वजा फहराने का आदेश प्राप्त कर उनके आशीर्वाद स्वरूप वासक्षेप पूजन ध्वजा का किया।

# प्रचार लोकसभा का, दावेदारी पार्षद पद की वार्ड स्तर के नेता कर रहे शक्ति प्रदर्शन

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 4 मई।** लोकसभा चुनाव प्रचार के बहाने अब राजधानी के सभी 70 वार्डों में पार्षद पद के संभावित दावेदार सक्रिय हो गए हैं। चुनावी रैलियों एवं सभाओं में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं लेकिन मतदाता पर्ची बांटने तथा मतदाताओं को मतदान कराने के लिए नहीं आते हैं। लोकसभा चुनाव के पश्चात 6 महीने के अंदर ही नगर निगम के चुनाव करा लिये जाएंगे। इस समय लोकसभा के लिए चुनाव प्रचार अभियान चरम पर है। राजधानी में इस समय रैलियां, जुलूस निकालकर छुटभैये नेता एवं महत्वाकांक्षी नेता अपनी-अपनी ताकत दिखा रहे हैं। नगर निगम चुनाव के लिए पहले वार्डों का आरक्षण एवं अन्य प्रक्रिया अपनाई जाएगी। मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं वार्डों का विभाजन किया जाएगा लेकिन वार्ड स्तर पर चुनाव लड़ने वाले भाजपा व कांग्रेस के महत्वाकांक्षी नेता अपने-अपने दलों के झंडे, बैनर लगाने के लिए सक्रिय हैं। रायपुर के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां पर निकलने वाली चुनावी रैलियों में मंच के साथ दलीय प्रत्याशियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अलग-अलग मंचों में भाजपा कांग्रेस के वार्ड स्तर के नेता फ्लैक्स का भी उपयोग कर हे हैं। राजधानी में फ्लैक्स की राजनीति का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है। हनुमान जयंती के पश्चात अभी भी भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। हनुमान जयंती हो अथवा चैत्र नवरात्र दोनों में वार्ड स्तर के नेताओं ने काफी खर्च कर अपने क्षेत्र के लोगों को प्रभावित किया है।

वार्ड स्तर पर स्थानीय नेताओं की अपनी छवि होती है। जातिगत समीकरण के आधार पर वे चुनाव जीत जाते हैं इसलिए पहले तो वे राजनीतिक दलों की टिकिट मांगते हैं। इसके पश्चात निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत जाते हैं। नगर निगम रायपुर के अंतर्गत 70 वार्ड आते हैं। इस समय यहां पर कांग्रेस एवं भाजपा का दबदबा कायम है। कांग्रेस समर्थित महापौर काबिज है। नगर निगम में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा नेता सभी वार्डों में भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील करेंगे। बृजमोहन के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में नए चेहरे ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। पुराने पार्षद बृजमोहन की कृपा से विभिन्न निगमों एवं मंडलों में अध्यक्ष बनने का जुगाड़ लगा रहे हैं। रायपुर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा विधायकों का कब्जा है इसलिए सभी विधायक अपने समर्थकों को टिकिट दिलाने के लिए सक्रिय होंगे। रायपुर जय जगन्नाथ और टोली वालों के बीच भी कड़ा मुकाबला होगा।

# बिजली कंपनी का चेक चुरा कर तीन करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का प्रयास,2 गिरफ्तार

**रायपुर 4 मई।** रायपुर जिला के गुढ़ियारी थाने में दर्ज एक धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। मामला है 3 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का। प्रार्थी मंदार षिलेदार, उप महाप्रबंधक, कार्यालय वरिष्ठ लेखाधिकारी 02 सीएसपीडीसीएल गुढ़ियारी रायपुर ने 19 अप्रैल 2024 को थाना गुढ़ियारी में अपराध दर्ज कराया था। मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी मंदार षिलेदार उप महाप्रबंधक कार्यालय वरि. लेखाधिकारी 02 सीएसपीडीसीएल गुढ़ियारी रायपुर के द्वारा दिनांक 19.04.24 को अपराध दर्ज कराया गया था कि उनके कार्यालय से विद्युत कंपनी के बैंक खाते का एक चेक चोरी कर उस चेक में 03 करोड़ रूपये की राषि भरकर उसके फर्जी हस्ताक्षर कर कंपनी 03 करोड़ रूपये को मेसर्स बग्स सॉफ्ट टेक प्राइवेट कंपनी के एक्सिस बैंक के खाते में आहरित करने का प्रयास किया गया है। अपराध विवेचना दौरान बग्स सॉफ्ट टेक प्रा. लिमि.



के डायरेक्टर बुद्व भगवान साहू की संलिप्तता अपराध में पाये जाने से आरोपी बुद्व भगवान साहू को गिर0 कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में आरोपी बुद्व भगवान साहू ने राजेष यादव एवं अन्य अज्ञात आरोपियो के साथ मिलकर अपराध करना बताया गया जिनकी पता तलाष की जा रही थी। मामले में विवेचना दौरान पता चला कि राजेष यादव अपने साथी षिवदास गुप्ता के साथ मिलकर उक्त चेक को एक्सिस बैंक में लगाया था। दिनांक 02.05.24 को थाना डोंगरगाव जिला राजनांदगांव से सूचना प्राप्त हुई कि राजेष यादव उक्त थाना क्षेत्र के पर्यटक स्थल में षिवनाथ नदी में शराब पीकर नहाते समय डूबकर मौत हो गया है, एवं षिवदास गुप्ता साथ में है, सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेषानुसार प्रकरण में तत्काल थाना गुढ़ियारी से पुलिस टीम को थाना डोंगरगांव तस्दीक हेतु भेजा गया। षिवदास गुप्ता से पूछताछ करने पर बताये कि कार्यालय वरि. लेखाधिकारी 02 सीएसपीडीसीएल गुढ़ियारी रायपुर में कार्यरत ठेका कर्मचारी राहुल शर्मा के द्वारा चेक चोरी कर अपने मित्र के माध्यम से कोमल महानदिया निवासी ग्राम खुंटटिकुली थाना डोंगरगांव से उक्त चेक को विड्रॉल करने हेतु संपर्क किया गया था जो षिवदास गुप्ता से परिचित होने से षिवदास गुप्ता को विड्रॉल हेतु बैंक खाते का प्रबंध करने कहा, षिवदास गुप्ता का परिचित राजेष यादव था जिसे षिवदास में 03 करोड़ की बड़ी राषि होने से किसी करंट एकाउंट की व्यवस्था करने कहा। राजेष यादव फायनेंस कराने के एजेंट का कार्य करता था जिसके पास बुद्व भगवान साहू अपनी कंपनी बग्स सॉफ्ट टेक प्रा. लिमि0 के फायनेंस हेतु संपर्क किया था। राजेष यादव ने बुद्व भगवान साहू को उक्त चेक अपने बैंक खाते में लेने राजी किया गया। दिनांक 06.03.24 को राहुल शर्मा ने भारत माता चौक गुढ़ियारी में चोरी किये चेक में राषि भरकर उसमें उप महाप्रबंधक मंदार षिलेदार का फर्जी हस्ताक्षर कर कोमल महानदिया, षिवदास गुप्ता की उपस्थिति में राजेष यादव को एक्सिस बैंक जाकर बग्स सॉफ्ट टेक प्रा0 लिमि0 के खाते में जमा करने दिया था। प्रकरण में

# स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आईएमए ने दिए सुझाव

**रायपुर 4 मई।** आईएमए के अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवरी , सचिव डॉ. नीतिन जुनेजा तथा जाने माने हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला ने स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बंधित नीतिगत सुझाव दिए है। उन्होंने डाक्टरो और अस्पतालों पर होने वाले हिंसा के खिलाफ एक मजबूत केंद्रीय कानून बनाने की मांग की है। अस्पताल एवं स्वास्थ देखभाल संस्थानों को हिंसा मुक्त व सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए।

चिकित्सा की सभी विधाओं की अपनी स्वयं की विशेषता एवं विशेषज्ञता है। सभी चिकित्सा पद्धतियों का आपस में घालमेल मरीजो के साथ खिलवाड़ होगा। स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सम्बंधित सेवाओं में जीएसटी लगाना बीमार पर कर अधिरोपित करने के बराबर है जो की बीमार पड़ने पर कर लगाना एक नाजायज प्रक्रिया है।जीएसटी के तहत मरीज के बिस्तर पर टैक्स लगाना



बंद होना चाहिए जीवन रक्षक उपकरणों जैसे की वेंटिलेटर मोनिटर अनिथिस्या उपकरणों में जो की 1% का जीएसटी लगता है वो भी गैरवाजिब है सभी जीवन उपकरणों की बट्री में 28% जीएसटी लगता है जो की गैरवाजिब है, मशीन अल्ट्रासाउंड मशीन एवं शुगर स्ट्रिप जांच जैसी अतिमहत्वपूर्ण चीजों पर भी 18 %जीएसटी लगता है जो की अनुचित है। कोई भी चिकित्सक मरीजो चिकित्सा देने के दौरान कोई क्रिमिनल मानसिकता से चिकित्सा नहीं देता है इसलिए आईएम ये सुझाव देता है कि मेडिकल प्रोफेशन को भारतीय न्याय संहिता में चिकित्सा सेवा प्रदाता को आपराधिक अभियोजन से बाहर रखा जाए। मरीजो को उपभोक्ता कहना और उपभोक्ता वाद के हिसाब से डॉक्टर मरीज के रिश्तों को परिभाषित निर्धारित करना डॉक्टर मरीज के रिश्ते के विश्वास को खतम करता है, यह भारतीय मूल्यों के विपरीत है। आईएमए डॉक्टरों को उपभोक्ता फोरम एक्ट से मुक्त करने की मांग करता है।

# उगादी महोत्सव में की गई मतदान की अपील

**रायपुर 4 मई।** तिरूमला तेलगू महिला समाज द्वारा जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 मे उगादी महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि, प्रतीक्षा बघेल थी, जजमेंट मे लोक अदालत कि जज डॉक्टर नेहा गुप्ता, शशिकला, बी उशा, और के सबिता थी अतिथि मे एन एन राव, वाय अप्पल नायडू, डी मोहन राव, लक्ष्मीनारायण राव, जी रामा राव, जी माधव राव और चिन्ना केशलु भी उपस्थित हुए मुख्य अतिथि प्रतीक्षा बघेल ने समाज की महिलाओं को मिरु यलगा ऊनारू बोलकर तेलगु मे बोल कर समाज की महिलाओ के संस्कृति कि प्रशंसा कि कहा मे बचपन से तेलगु परिवार से जुडी हुई मेरी दोस्त भी सभी साउथ इंडियन ही है आप सब से लोकतंत्र के इस पर्व मे सभी महिलाओ से वोट देने कि अपील। गांव मे लोग बढ़ चढ़कर वोटिंग कर रहे हैं शहर मे भी



वोट प्रतिशत को बढ़ाकर अपने प्रतिनिधि को चुने ग्रुप डांस प्रतियोगिता मे तालपुरी, सेक्टर 4. और चरोदा और सेक्टर 1 ने अपनी प्रस्तुति दी जिमसे तालपुरी कमेटी मेंबर्स ने अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिए तालपुरी ग्रुप एस भावना, के अन्नपूर्णा, जे दीपिका टी वीणा, एस उमा माहेश्वरी, पदमा बाबू तालपुरी डांस ग्रुप विजेता होकर प्रथम स्थान प्राप्त कि द्वितीय स्थान ग्रुप डांस मे सेक्टर 4 के शारदा, एस कलावती, लक्ष्मी, एम पदमा पी जया और पूजा रही।तृतीय स्थान ग्रुप डांस मे चरोदा की महिलाओ ने मन मोह लिया।

### पहली बार मतदान करने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन

**रायपुर 4 मई।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियानअंतर्गत पहली बार मतदान कर सरकार चुनने वाले विद्यार्थियों का संक्षिप्त समारोह में अभिनंदन किया गया। विप्र कॉलेज द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज आयोजित अभिनंदन समारोह में पहली बार मतदान कर अपनी पसंद का सरकार चुनने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और आरती उतार कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अभिनंदन हुए विद्यार्थियों का उत्साह और खुशी देखते ही बन रहा था।

## आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26